● जयपुर, मंगलवार, 10 सितंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 26 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

“सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।”
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिल्ली दौरे के दौरान किया निर्माणाधीन राजस्थान...
पेज @4 स्वास्थ्य शरीर के लिए खेलकुद अत्यंत आवश्यक...
पेज @8 कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता पर रहे फोकस-राजस्थान आवासन मंडल में ...

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के पहले अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट का आयोजन

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने पॉस्को इंटरनेशनल, एसजी कॉरपोरेशन,हनवा सॉल्यूशन, जीएस ईएंडसी और जियोनबुक क्रिएटिव इकोनॉमी इनोवेशन सेंटर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ कई अन्य निवेशकों से की मुलाकात

## पॉस्को इंटरनेशनल और एसजी कॉरपोरेशन ने राजस्थान की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश में एक एस्फॉल्ट (asphalt) संयंत्र लगाने में रुचि दिखाई, अपने उत्पादों के जरिए राज्य में “बेहतर सड़कें” बनाने की पेशकश की

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 09 सितंबर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के पहले अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट में भाग लिया, जिसे दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में आयोजित किया गया। इस इन्वेस्टर मीट के जरिए मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दक्षिण कोरिया के व्यापारिक समुदाय और निवेशकों को राजस्थान में निवेश हेतु आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि अगले 5 वर्षों के दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था को मौजूदा 180 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर करने के अपनी सरकार के एजेंडे को रेखांकित किया और निवेशकों को आश्वासन दिया कि “राज्य में 'व्यापार करने में आसानी' हो, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा प्रक्रियाओं और नीतियों में लगातार सुधार किया जा रहा है”।

स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स और दक्षिण कोरिया के व्यापारिक समुदाय के सदस्यों को राजस्थान में कारोबार करने के लिए आमंत्रित करते हुए, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, “राजस्थान सरकार दक्षिण कोरिया को केवल निवेश के स्त्रोत के रूप में नहीं देख रही है, बल्कि दक्षिण कोरिया के व्यापारिक समुदाय के साथ सभी क्षेत्रों में एक मजबूत और





दीर्घकालिक साझेदारी बनाने की आकांक्षा रखती है। निवेशकों के अनुकूल माहौल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत हमारी सरकार जल्द ही कई नई नीतियां लाने जा रही है, जो राज्य में व्यापार और कारोबार के माहौल को और बेहतर बनाएंगी। इनमें नई औद्योगिक नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, एमएसएमई नीति और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) नीति शामिल हैं।”

इन्वेस्टर मीट के अलावा, मुख्यमंत्री शर्मा ने सोमवार को यहां कई बड़ी दक्षिण कोरियाई कंपनियों और एसोसिएशन, जिनमें इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल्स, स्टार्टअप्स और पर्यटन जैसे क्षेत्र शामिल हैं, के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी मुलाकात की। इसमें पॉस्को इंटरनेशनल, एसजी कॉरपोरेशन (दक्षिण कोरिया की एक एस्फॉल्ट और कंक्रीट निर्माता कंपनी), जीएस ईएंडसी (दक्षिण कोरिया की एक अक्षय ऊर्जा और बैटरी स्टोरेज कंपनी), हनवा सॉल्यूशन (एक केमिकल कंपनी) और जियोनबुक क्रिएटिव इकोनॉमी इनोवेशन सेंटर (जेसीसीईआई) झ जो स्टार्टअप्स के लिए इन्क्यूबेटर (incubator) का काम करती है - के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक शामिल है। इसके अलावा, इन्वेस्टर मीट के दौरान मौजूद कई निवेशकों ने भी राज्य में निवेश करने में रुचि दिखाई।

इनमें, पॉस्को इंटरनेशनल और एसजी कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री से मुलाकात की और राजस्थान में एस्फॉल्ट यूनिट लगाने में रुचि दिखाई और अपने उत्पादों के जरिए राज्य में “बेहतर सड़कें” बनाने की पेशकश की। इस बैठक में प्रदेश में निवेश हेतु सब्सिडी, बुनियादी ढांचा सेवाओं, कच्चे माल की खरीद और अन्य आवशयकताओं के संबंध में अपनी अपेक्षाएं भी उन्होंने सरकार से साझा कीं।

जेसीसीईआई के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दोनों पक्षों द्वारा उद्यमिता (Entrepreneurship) के बारे में ज्ञान के आदान-प्रदान और स्टार्टअप्स को अपने व्यवसाय के विकास में मदद करने के अवसरों पर विचार किया गया।

इसके अलावा, राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष इन्वेस्टर रोड शो का भी यहां आज आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश में अवस्थित यूनेस्को की सूची में शामिल 9 वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स, राज्य के किले और महल, वन और वन्यजीव, मेले और त्यौहार, राजस्थान में होने वाली शादियाँ, और 'पैलेस ऑन व्हील्स' शामिल हैं। गौरतलब है कि 'पैलेस ऑन व्हील्स' एक हेरिटेज ट्रेन है जो अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को राजस्थान के बेहतरीन स्थलों की सैर कराती है और यह 7 दिनों में राज्य भ्रमण करने का सबसे अच्छा तरीका है।

पर्यटन के अवसरों को तलाशने के लिए हुइ इस रोडशो को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संस्कृति और त्यौहारों के मामले में भारत और दक्षिण कोरिया, दोनों ही देशों बहुत समानता है।

“राजस्थान के प्रतिनिधि के तौर पर भारत की ऐतिहासिक विरासत और संस्कृति वाले हमारे राज्य में निवेश के लिए मैं आप सबको आमंत्रित करता हूं। आज राजस्थान भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और हमारा राज्य इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और अन्य कई सुविधाओं से सुसज्जित है। हमारी सरकार आपके निवेश की यात्रा में हर कदम पर सहयोग करने के लिए तैयार है। साथ मिलकर, हम राजस्थान के लिए एक सुनहरा भविष्य बना सकते हैं और हमारे दोनों महान देशों के बीच की मित्रता को और मजबूत कर सकते हैं,” मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने दक्षिण कोरियाई पर्यटन क्षेत्र की फर्मों को राज्य में निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा।

इस मौके पर मौजूद दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत श्री अमित कुमार ने कहा, “राजस्थान भारत में एक आशाजनक निवेश और व्यापार गंतव्य के रूप में उभर रहा है। कारोबार और व्यापार में विस्तार के लिए राज्य अनुकूल नीतियों और वातावरण बनाने में लगा हुआ है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आगामी 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट 2024 राज्य में नए व्यावसायिक उपक्रमों की खोज के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करेगा।” मुख्यमंत्री के साथ गए इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री शिखर अग्रवाल, उद्योग और वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री अजिताभ शर्मा और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

### 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 एक नजर:

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है। इस इन्वेस्टमेंट समिट के पहले इन्वेस्टर मीट, जो मुंबई में 30 अगस्त को आयोजित हुआ था, के दौरान राजस्थान सरकार ने विभिन्न कंपनियों के साथ 4.5 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू (MoUs) साइन किया था।

इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अनय सुविधाएँ मुहैय्या कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स), इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो-केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन और ईएसडीएम/आईटी और आईटीईएस (ESDM/IT and ITeS) सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष सत्र का आयोजन होगा।

# सूरत में गणेश उत्सव के दौरान पंडाल में पथराव, जमकर तोड़फोड़ और हंगामा

## 6 मुख्य आरोपियों समेत 33 गिरफ्तार

सूरत/एजेंसी।

गुजरात के सूरत शहर के सैयदपुरा इलाके में गणेश पूजा पंडाल पर पथराव की घटना सामने आई है। इस घटना में शामिल 6 मुख्य आरोपियों सहित कुल 33 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गणेश पूजा पंडाल पर पथराव के बाद इलाके में झड़प हो गई। स्थानीय लोगों की गुस्साई भीड़ ने जमकर तोड×फोड़ और हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलते ही गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, सैयदपुरा इलाके में 6 लोगों ने गणेश पंडाल पर पथराव किया, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इस घटना को बढ़ावा देने वाले 27 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत ने घटना पर जानकारी देते हुए बताया कि कुछ बच्चों ने गणेश पंडाल पर पथराव किया था, जिससे झड़पें भड×कीं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चों को वहां से हटा दिया और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी। आंसू गैस और लाठीचार्ज का भी इस्तेमाल किया गया।

पुलिस कमिश्नर ने पुष्टि की कि इलाके में लगभग 1,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और सामान्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शांति भंग करने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# भारत में मिला एमपॉक्स का पहला संदिग्ध केस, मरीज किया गया आइसोलेट, स्वास्थ्य मंत्रालय अलर्ट

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारत में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का पहला संदिग्ध मामला रिपोर्ट हुआ है। संदिग्ध मरीज एक युवक है, जिसने हाल ही में ऐसे देश की यात्रा की थी जहाँ एमपॉक्स के मामले सामने आए हैं। युवक को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है और उसे आइसोलेशन में रखा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि युवक की हालत स्थिर है और उसके एमपॉक्स से संक्रमित होने की पुष्टि के लिए सैंपल लिया गया है। इस सैंपल की जांच की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में किसी भी अनावश्यक चिंता की कोई आवशयकता नहीं है और देश इस तरह के मामलों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

मंत्रालय ने यह भी बताया कि भारत ने यात्रा संबंधी मामलों के प्रबंधन और संभावित जोखिमों को कम करने के लिए मजबूत उपाय किए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा 12 अफ्रीकी देशों में एमपॉक्स प्रकोप को ग्लोबल इमरजेंसी घोषित किए जाने के तीन सप्ताह बाद भारत में यह संदिग्ध मामला सामने आया है।



अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र और डब्ल्यूएचओ ने शुक्रवार को एमपॉक्स प्रकोप के लिए एक योजना की शुरुआत की। अफ्रीका के महानिदेशक डॉ. जीन कासेया ने बताया कि लगभग 600 मिलियन डॉलर की बजट वाली छह महीने की इस योजना में निगरानी, प्रयोगशाला परीक्षण और सामुदायिक सहभागिता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इस बीच, कांगो को गुरुवार को जायनिओस वैक्सीन की 100,000 खुराकों का पहला बैच मिला, जिसे यूरोपीय संघ ने यूरोपीय संघ की स्वास्थ्य आपातकालीन एजेंसी हेरा के माध्यम से डोनेट किया है। यह वैक्सीन स्वास्थ्य कर्मियों और जनसंख्या की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है।

# पंजाब और हरियाणा में गहराता जल संकट

पंजाब और हरियाणा में धान की खेती भारत की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, परंतु जल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण यह असंधारणीय होती जा रही है। धान की खेती के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन होने से इस क्षेत्र में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। हरियाणा में 88 जल इकाइयों को अत्यधिक दोहन वाली श्रेणी में रखा गया है। इस समस्या से निपटने के लिए कृषि और जल संसाधन दोनों की सुरक्षा के लिए तत्काल सुधार की आवश्यकता है। भूजल का अत्यधिक दोहन: पंजाब और हरियाणा में धान की खेती के लिए अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे भूजल स्तर में भारी कमी आई है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के 2023 में किए गए अध्ययन में पाया गया कि धान की खेती के लिए अत्यधिक जल दोहन के कारण पंजाब के 87% ब्लॉकों का अति दोहन किया गया। धान की खेती में प्रति किलो चावल के लिए लगभग 4,000–5,000 लीटर जल की खपत होती है, जिससे क्षेत्र के जल संसाधनों पर बहुत ज़्यादा दबाव पड़ता है। इसकी तुलना में बाजरे को प्रति किलो केवल 500 लीटर जल की आवश्यकता होती है, जो जल की आवश्यकताओं में भारी अंतर और धान की खेती की असंधारणीय प्रकृति को दर्शाता है। ट्यूबवेल के लिए दी जाने वाली मुफ़्त बिजली ने भूजल के अनियंत्रित दोहन को बढ़ावा दिया है, जिससे यह संकट और भी बढ़ गया है।

पंजाब के किसानों को वर्ष 2023–24 में बिजली, नहर के पानी और उर्वरक के लिए 38,973 रुपये प्रति हेक्टेयर की सब्सिडी मिली, जिससे भूजल का निरंतर रूप से अतिदोहन हो रहा है। धान की खेती के कारण बढ़ता जल तनाव, जलवायु परिवर्तन के कारण और भी अधिक हो गया है, अनियमित वर्षा के कारण जलभृतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब और हरियाणा के जल स्तर में तेजी से हो रही गिरावट से कृषि की दीर्घकालिक व्यवहार्यता को खतरा है। धान की खेती एकल फसल प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिससे जैव विविधता कम होती है और मृदा के पोषक तत्व कम होते हैं, जिससे कृषि संधारणीयता में कमी आती है। अध्ययनों के अनुसार फसल चक्रण से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है परंतु धान की खेती ऐसी विविधता को हतोत्साहित करती है। जल की अधिक माँग के कारण रासायनिक उर्वरकों का उपयोग भी बढ़ जाता है, जिससे मृदा की गुणवत्ता और भी खराब हो जाती है तथा जल स्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बाढ़ सिंचाई, धान की खेती में प्रयुक्त होने वाली एक प्रमुख विधि है, जिससे वाष्पीकरण और अपवाह के माध्यम से जल की बहुत बर्बादी होती है। निरंतर धान की खेती से मृदा लवणता बढ़ जाती है, जिससे कृषि भूमि की उत्पादकता कम हो जाती है और यह अन्य फसलों के लिए कम उपयुक्त हो जाती है। धान के खेत, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, विशेष रूप से मीथेन के उत्सर्जन में जो जलवायु परिवर्तन को बढ़ाता है और दीर्घकालिक कृषि व्यवहार्यता को प्रभावित करता है। धान की खेती प्रति हेक्टेयर 5 टन कार्बोडीऑक्सीडे समतुल्य हानिकारक गैस उत्पन्न करती है, जो इसे कृषि उत्सर्जन में एक प्रमुख योगदानकर्ता बनाती है।

दालों, तिलहनों और बाजरा जैसी कम जल की खपत वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने से जल का उपयोग काफी कम हो सकता है और संधारणीयता में सुधार हो सकता है। पंजाब की 2024 की योजना, धान को छोड़कर वैकल्पिक फसलों को उगाने के लिए 17,500 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन की पेशकश करती है, जिसका उद्देश्य विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए धान से अन्य संधारणीय फसलों पर सब्सिडी को पुनर्निर्देशित करना आवश्यक है। डायरेक्ट सीडिंग ऑफ राइस और सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों जैसी प्रथाओं को बढ़ावा देने से पैदावार को बनाए रखते हुए जल संरक्षण में मदद मिल सकती है। एमएसपी और खरीद कार्यक्रमों के माध्यम से दालों और तिलहन जैसी फसलों के लिए बाजार आश्वासन सुनिश्चित करने से किसानों के धान के अलावा अन्य फसलों को उगाने का डर, कम हो सकता है। भारतीय खाद्य निगम ने वर्ष 2023 में पंजाब का 92.5% चावल खरीदा, इसी तरह के तंत्र वैकल्पिक फसलों को उगाने की प्रथा को बढ़ावा दे सकते हैं। फसल विविधीकरण और जल–बचत प्रथाओं के लाभों के संबंध में किसानों को शिक्षित करने से दीर्घकालिक परिवर्तन को बढ़ावा मिल सकता है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वित प्रयास, पुनर्गठित सब्सिडी, जल–कुशल प्रथाओं और बाजार आश्वासन पर ध्यान केंद्रित करके, पंजाब और हरियाणा को सतत कृषि की ओर उन्मुख किया जा सकता है। इस तरह के सुधार कृषि उत्पादकता को पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित करेंगे, क्षेत्र के जल संसाधनों को सुरक्षित करेंगे और इसके कृषक समुदायों के भविष्य को सुनिश्चित करेंगे।

# क्यों युवा और कारोबारी कर रहे खुदकुशी



आरके सिन्हा

बीते सालों की तरह इस बार भी सारे देश ने 5 सितंबर को गर्मजोशी से अध्यापक दिवस मनाया। सोशल मीडिया पर तो अध्यापकों का उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया जा रहा था। पर अब सुधी अध्यापकों, मनोचिकित्सकों और अन्य जागरूक नागरिकों को यह भी सोचना होगा कि नौजवानों का एक बड़ा वर्ग निराशा और नाकामयाबी की स्थितियों में अपनी जीवनलीला खत्म करने पर क्यों आमादा है। अब शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब अखबारों में किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा के खुदकुशी करने संबंधी दिल दहलाने वाला समाचार ना छपता हो। यह बेहद गंभीर मसला है और इस पर सारे देश को सोचना होगा। इसी तरह से आजकल बिजनेस में घाटा होने के कारण भी आत्म हत्या करने वालों की तादाद लगातार बढ़ती ही चली जा रही है। अभी कुछ दिन पहले एक साइकिल बनाने वाली मशहूर कंपनी के अरबपति मालिक ने भी खुदकुशी कर ली थी। पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज़्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों के खुदकुशी करने के मामले 2019 में 10,335 से बढ़कर 2020 में 12,526 और 2021 में 13,089 हो गए। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता–पिता, अध्यापकों और समाज का भारी दबाव और अपेक्षाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रही हैं। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां पर हर साल एक अनुमान के मुताबिक, हजारों नहीं लाखों छात्र – छात्राएँ देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह से क्क्ळ/ठक्ळ या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए।

आप कोटा या फिर देश के किसी भी अन्य शहर में चले जाइये जहां पर मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ–साथ सिविल सेवाओं वगैरह के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। वहां पर छात्र अत्यधिक दबाव और असफलता के डर से मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ.विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमें खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर सिर्फ चिंता ही व्यक्त नहीं करनी। हमें इसे रोकना ही होगा। हमने युवाओं, कारोबारियों और अन्य लोगों के आत्म हत्या करने के



कारणों और इस समस्या के हल तलाशने के लिए विश्व आत्महत्या निवारण दिवस ( 10 सितंबर) को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का भी आयोजन किया है, जहां पर मनोचिकित्सक, पत्रकार और सोशल वर्कर अपने अनुभवों के आधार पर अपने पेपर पढ़ेंगे। उन निष्कर्षों के बाद हम आगे की रणनीति बनाएँगे।

कुछ कोचिंग सेंटर चलाने वाले भी इस तरह के प्रयास तो कर रहे हैं ताकि छात्र बहुत दबाव में न रहें। राजधानी के एक कोचिंग सेंटर के प्रमुख ने बताया कि हम छात्रों की लगातार काउंसलिंग भी करते रहते हैं। उनके अभिभावकों के भी संपर्क में रहते हैं। कहा जाता है कि भारत में दुनिया भर में सबसे अधिक युवा आत्महत्या दर है। इस बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने अपनी जान दे दी। यह आंकड़ा सच में डराता है। देखिए, नौजवानों को बिल्कुल रीलेक्स माहौल देना होगा माता–पिता और उनके अध्यापकों को , ताकि वे बिना किसी दबाव में पढ़ें या जो भी करना चाहते हैं, करें। हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल चलाने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) के अध्यक्ष और सोशल वर्कर ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम पूरी तरह से सुनिश्चित करते हैं कि हमारे स्कूल या सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे बिना किसी दबाव में पढ़े–लिखे।


हम अपने अध्यापकों की भी क्लास लेते हैं कि किसी भी बच्चे के साथ कक्षा में उसकी जाति न पूछी जाए और या न ही उसके पिता की आय। कुछ गैर–जिम्मेदार अध्यापक अपने विद्यार्थियों से इस तरह के गैर–जरूरी सवाल पूछते हैं। फिर वे एक ही कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की एक–दूसरे से तुलना भी करने लगते हैं। इस कारण वे जाने–अनजाने एक बच्चे को बहुत सारे बच्चों को कमजोर साबित कर देते है। जाहिर है, इस वजह से उस छात्र पर बहुत नकारात्मक असर पड़ता है जो कमतर साबित कर दिया गया होता है। इसी तरह के बच्चे कई बार निराशा और अवसाद में डूब जाते हैं। देखिए बच्चे को पालना एक बीस वर्षीय प्लान है। कौन नहीं चाहता कि उसका बच्चा समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करे, शोहरत–नाम कमाए? पर इन सबके लिए ज़रूरी है कि बच्चे को उसकी काबिलियत और पसंद के अनुसार मनचाहा करियर चुनने की आज़ादी भी दी जाए। यह एक कड़वा सच है कि हमारे समाज में सफलता का पैमाना अच्छी नौकरी, बड़ा घर और तमाम दूसरी सुख–सुविधाएं ही मानी जाती है।अफसोस कि हम भविष्य के चक्कर में अपने बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर करने लगे हैं। ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम अपने यहां बच्चों को इस बात के लिए तैयार करते हैं कि वे कठिन परिस्थितियों का भी सामना करें। असफलता से हार मान लेने से जीवन नहीं चलता। यह तो कायरता है। महान कवि पद्मभूषण डॉ. गोपाल दस नीरज की पंक्तियाँ याद आ रही हैं, “ छुप–छुप अश्रु बहाने वालों, जीवन व्यर्थ लुटाने वालों , इक सपने के मर जाने से, जीवन नहीं मरा करता हैं।” सफलता और असफलता का चक्र तो चला करता है। उसे स्वीकार करने में ही भला है।

जैसा किमैंने ऊपर जिक्र किया कि बीते दिनों एक अरबपति बिजनेसमैन ने राजधानी के अपने भव्य बंगले में गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। कहा जा रहा है कि बिजनेस में नुकसान होने के कारण ही साइकिल बनाने वाली कंपनी के मालिक ने आत्महत्या की। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चला है कि 2020 में, जब कोविड–की लहर ने व्यापार को तबाह कर दिया था, तब 11,716 व्यापारियों ने आत्महत्या की थी, जो 2019 की तुलना में 29% अधिक थी, जब 9,052 व्यापारियों ने अपनी जान ले ली थी।

कर्नाटक में 2020 में व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या से सबसे अधिक मौतें (1,772) दर्ज की गईं – जो 2019 से 103% अधिक है, जब राज्य में 875 व्यवसायियों ने अपनी जान ले ली थी।महाराष्ट्र में 1,610 व्यवसायियों ने आत्महत्या की, जो पिछले वर्ष से 25% अधिक है, और तमिलनाडु में 1,447 की मृत्यु हुई, जो 2019 से 36% अधिक है। यह सबको पता है कि भारत के व्यवसायी समुदाय का बड़ा हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से जुड़ा है,जो बड़े झटकों को सहन नहीं कर पाता है। इसके चलते कई कारोबारियों ने कर्ज में डूबने या बिजनेस में नुकसान के कारण आत्महत्या कर ली। लब्बो लुआब यह है कि भारत में युवाओं और कारोबारियों के साथ – साथ अन्य लोगों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को भी प्रभावी ढंग से रोकना ही होगा।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# जीवन का वरण करें



गिरीश्वर मिश्र

वैसे तो आत्महत्या जैसी घटनाओं का विभिन्न संस्कृतियों में लम्बा इतिहास है, फिर भी समकालीन समाज में जिस तेज़ी से ये लगातार बढ़ रही है वह पूरे विश्व के लिए चिंता का बड़ा कारण हो रहा है। आत्महत्या की दिशा में आगे बढ़ना और उसे अंजाम देना बड़ा जटिल व्यवहार है। यह आर्थिक, पारिवारिक, धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में आ रहे तीव्र परिवर्तन के दबावों से जुड़ा हुआ है। भारत के संदर्भ में आधुनिकीकरण, धर्म की जगह सेकुलर दृष्टि को तरजीह और संयुक्त परिवार का नष्ट होना कुछ ऐसी घटनाएँ हैं जो हमारी सोच को उलट–पलट रहे हैं और व्यक्तिगत स्तर पर व्यवहार को नियंत्रित संयोजित करने की प्रक्रिया को कमजोर कर रहे हैं। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण आदि ने समाज में विद्यमान एकीकरण या जोड़ने की क्षमता को लगातार कम किया है। अब व्यक्तिगत स्वातंर्त्य को बढ़ावा देते हुए व्यक्ति की निजी इच्छाओं को अधिक महत्व दिया जा रहा है। समाज द्वारा नियमन और निगरानी अनावश्यक दख़ल मानी जा रही है। इन सबके बीच आदमी की बुद्धि, भावना और सामाजिकता सबके बीच संतुलन बिगड़ता जा रहा है। लोगों के आपसी रिश्ते बेतरतीब हो रहे हैं। सामाजिक–आर्थिक संरचना में बदलाव और बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के साथ लोग क़र्ज़, शेयर बाज़ार में गिरावट और गलाकाट व्यावसायिक प्रतिद्वंदिता जैसी मुश्किलों में उलझते जा रहे हैं। व्यक्तिगत स्तर पर नकारात्मक जीवन की घटनाएँ आदमी में विषाद, निराशा और खुद के बारे में नकारात्मक सोच को बढ़ावा दे रही हैं। इन सबके बीच आदमी सारे कष्टों से मुक्ति के उपाय के रूप आत्महत्या के विचार की ओर आकृष्ट होता है। वह खुद अपने आप से और अपनी दुनिया से पलायन करने को उद्यत होता है। बढ़ते भावनात्मक तनाव के बीच मृत्यु का आकर्षण तीव्र हो उठता है। भावनात्मक कठिनाइयों से लड़ते हुए आदमी का आत्म–नियंत्रण टूटने लगता है।

अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों से पता चलता है कि कुछ देशों में आयु के साथ आत्महत्या की घटनाएँ बढ़ रही हैं तो कुछ देशों में मध्य आयु वर्ग में इसकी प्रवृत्ति सर्वाधिक है तो कुछ में किशोरवय में यह अधिक है। आज आत्मघात करने की मानसिक अवस्था वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य की एक प्रमुख समस्या का रूप ले रही है। एक अनुमान के अनुसार विश्व में होने वाले आत्महत्या के कुल मामलों के 78 प्रतिशत निम्न और मध्यम आय वाले देशों से आते हैं। मनुष्यों की मृत्यु के कारणों में पंद्रहवाँ आत्महत्या का है। पूरे विश्व में लगभग सात लाख से अधिक लोगों की मृत्यु आत्महत्या के कारण होती है। प्रति एक लाख की जनसंख्या पर 10.7 आत्महत्या की दर का अनुमान किया गया है। उल्लेखनीय है कि 15–44 वर्ष के आयु वर्ग में आत्महत्या, मृत्यु के तीन प्रमुख कारणों में शुमार है। यद्यपि पुलिस के आँकड़े अपर्याप्त हैं और राष्ट्रीय अपराध रिकर्ड ब्यूरो के प्रदत्त संकलन की विधि भी पूरी तरह से संतोषजनक नहीं है तथापि उनसे पता चलता है कि 25–34 आयु वर्ग में और बुजुर्गों में आत्महत्या के मामले अधिक थे। इसी तरह पुरुषों, खंडित परिवारों, तलाक़शुदा लोगों में, अकुशल कामगारों में, निम्न सामाजिक–आर्थिक समुदायों के लोगों में, नकारात्मक जीवन की परिस्थितियों (जैसे–पारिवारिक कलह, वैवाहिक समस्या) से जूझते लोगों में इस तरह की घटनाएँ अधिक होती हैं। आत्महत्या को सीमांत व्यक्तित्व विकृति का एक लक्षण माना गया है। कई मामलों में इसका सम्बन्ध मादक द्रव्य और पदार्थों के सेवन से भी जुड़ा पाया जाता है। इसे खानपान, चिंता, अवसाद, द्विछोरी (बाई पोलर) विकृति तथा त्रासदी उपरांत विकृति (पीटीएसडी) से भी जुड़ा पाया गया है। इसकी व्याख्या करते हुए प्रसिद्ध समाजशास्त्री दुर्खाइम ने समाज और संस्कृति की भूमिका पर बल दिया था। इसे फ़्रायड के विचारों को ध्यान में रखकर आत्महत्या को दूसरे व्यक्ति की हत्या का विलोम और दूसरे के प्रति क्रोध की आत्माभिमुख अभिव्यक्ति भी कहा गया है। इसकी व्याख्या मृत्यु की मूल प्रवृत्ति तथा हत्या करने की आकांक्षा और मृत्यु की इच्छा आदि से भी जोड़ कर की जाती है। इसे मनोपीड़ा (साइकीक) से भी सम्बंधित किया गया है जो असह्य हो और जीना दूभर कर दे। उतावलापन और कार्य में चरमोत्कृष्टता (परफ़ेक्शन) की प्रवृत्ति से भी इसे जुड़ी होती है।

ध्यातव्य है कि आत्महत्या स्वयं अपने द्वारा अपने को ख़त्म करने के लिए आरंभ किया गया सचेत व्यवहार है। वस्तुतः यह अस्वास्थ्य की एक बहुआयामी अवस्था है जब कोई व्यक्ति किसी मुद्दे के समाधान के रूप में आत्महत्या को विकल्प तय करता है। उसे और दूसरे रास्ते बंद लगते हैं और यही उसे सर्वथा उचित उपाय लगने लगता है। अक़्सर आत्महत्या के अंतिम कदम उठाने के पहले व्यक्ति कई व्यवहार प्रदर्शित करता है जो इस (आगामी) दुर्घटना का संकेत देते हैं। स्वैच्छिक आत्महानि या खुद को नुक़सान पहुँचाने का व्यवहार भी कई तरह का होता है। ज़हर खाना, कोई गलत या अधिक मात्रा की दवा या पेस्टीसाइड आदि खाना, फाँसी लगाना, नस काट कर, पानी में कूद कर, पिस्टल आदि घातक हथियार से खुद को अपने को आहत करते हैं और जान दे देते हैं। खुद को आघात पहुँचाने की प्रवृत्ति आत्महत्या की दिशा में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति की सहयोगी होती है। इन सबमें जोखिम को बढ़ाने वाले कारक एक से हैं। ग़ैर घातक आत्मघाती व्यवहार भी किया जाता है जिसको पहचानना सरल नहीं होता है। उसे समझने के लिए व्यवहार की तीव्रता और व्यवहार कितना प्राणघाती है इन सब पर गौर करना ज़रूरी होता है। इस तरह के लक्षणों वाले रोगियों को सँभालने के लिए प्रभावी मनोचिकित्सा की जरूरत होती है। ऐसे रोगियों की जाँच और मूल्यांकन अच्छी तरह से होना चाहिए। मूल्यांकन के आधार पर औषधि या ग़ैर औषधि वाले उपायों की सहायता ली जा सकती है। ख़ासतौर पर आत्मघात के लक्षणों वाले रोगियों के जैविक, सामाजिक आर्थिक तथा सामाजिक सांस्कृतिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष क़िस्म के उपचार की ज़रूरत पड़ती है। आत्महत्या की सोच को जाँचने के लिए मनोवैज्ञानिकों ने कुछ प्रश्नावलियों का भी विकास किया है जिससे उसका पूर्वानुमान किया जा सकता है। ऐसे रोगी की सुरक्षा की पुख़्ता व्यवस्था होनी चाहिए। उसकी अच्छी तरह देख–रेख और निगरानी ज़रूरी है। सामाजिक रिश्तों से जुड़ी समस्याओं के लिए समस्या–समाधान, थिरैपी (जैसे–संज्ञानतमक व्यवहार चिकित्सा या सीबीटी) और परामर्श उपयोगी हैं। इस परिस्थिति के लिए प्राथमिक रोकथाम की कोशिश करते हुए समाज के स्तर पर जोखिम को घटाना आवश्यक है। इस दृष्टि से ग़रीबी, अशिक्षा, बेरोज़गारी, तनाव, वैवाहिक संघर्ष, मादक द्रव्य सेवन, हथियारों की उपलब्धता आदि को कम करना होगा। द्वितीयक रोकथाम के अंतर्गत इसके जोखिम वाल लोगों को पहचानना और उचित तथा सामयिक हस्तक्षेप ज़रूरी है। समय पर हस्तक्षेप करना बड़ा लाभकर होता है। क्राइसिस हेल्पलाइन और परामर्श की प्रभावी सेवा उपलब्ध कराना ज़रूरी है। तृतीयक रोकथाम के अंतर्गत जो लोग आत्महत्या की कोशिश कर चुके हैं और जीवित हैं, उनको शर्म और ग्लानि से मुक्त करना और पुनर्वास का प्रयास शामिल है।

# जीवन से पलायन का डरावना सत्य है आत्महत्या



ललित गर्ग

आत्महत्या दुनियाभर में एक गंभीर मुद्दा एवं बड़ी समस्या है। मौजूदा समय में दुनिया भर में इसके मामले खतरनाक दर से बढ़ रहे हैं। ऐसे में इस गंभीर विषय के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं आत्महत्या का पलायनवादी विचार छोड़ने के उद्देश्य से हर साल 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस (डब्ल्यूएसपीडी) मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने साल 2024 के लिए इस दिवस की थीम ‘चेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइड यानी ‘आत्महत्या पर कथ्य बदलना’ रखी गयी है। इस दिन को मनाने का खास मकसद इस बात को लोगों तक पहुंचाना है कि आत्महत्याओं को रोका जा सकता है। साथ ही उन्हें यह भी बताना है कि आत्महत्या के अलावा जीवन में और भी बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा एक ऐसी समाज–व्यवस्था को बढ़ावा देना है जहां लोग मदद लेने में हिचहिचाए नहीं, बल्कि एक–दूसरे के सहयोग के लिये आगे आये। निश्चित रूप से खुदकुशी सबसे तकलीफदेह हालात के सामने हार जाने का नतीजा होती है और ऐसा फैसला करने वालों के भीतर वंचना का अहसास, उससे उपजे तनाव, दबाव और दुख का अंदाजा लगा पाना दूसरों के लिए मुमकिन नहीं है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि दुनिया भर में हर साल आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं, इससे कई गुना अधिक लोग आत्महत्या की कोशिश करते हैं और इसका असर बहुत ज्यादा लोगों पर पड़ रहा है। इसके अलावा, यह 15 और 29 वर्ष की आयु के लोगों की मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण है। संयुक्त राज्य अमेरिका में मृत्यु के शीर्ष 10 प्रमुख कारणों में से एक आत्महत्या है, जहां हर 11 मिनट में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है। भारत में प्रतिवर्ष 135,000 लोग आत्महत्या करते हैं, जो दुनिया की कुल आत्महत्याओं का 17 प्रतिशत हैं। आत्महत्या करने के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे बुढ़ापा, दीर्घकालिक बीमारियाँ, वित्तीय समस्याएँ, आत्महत्या का पारिवारिक इतिहास, आय में कमी, वैवाहिक अलगाव, नकारात्मक जीवन के अनुभव, विकलांगता की ओर ले जाने वाली शारीरिक बीमारी आदि। इसके अलावा, कई मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ आत्महत्या के बढ़ते जोखिम से जुड़ी हुई हैं, जैसे शराब की लत, अवसाद, तनाव, विकार आदि। लोग अवसाद, लाचारी और जीवन में कुछ नहीं कर पाने की हताशा के चलते भी आत्महत्या करते हैं। मौजूदा समय में दुनिया भर में आत्महत्या के मामले खतरनाक दर से बढ़ रहे हैं। आत्महत्यामुक्त समाज–संरचना के लिए लंबे समय से कई तरह की कोशिशें की जा रही हैं। आत्महत्या एक गंभीर मुद्दा है, जो पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। आत्महत्या एक वैश्विक चुनौती है, जिससे हर साल लाखों लोग प्रभावित होते हैं। इस दिवस के माध्यम से सरकारों, संगठनों, समुदायों और व्यक्तिगत स्तर पर लोगों को आत्महत्या रोकने के लिए कदम उठाने की प्रेरणा दी जाती है। भारतीय संदर्भ में आत्महत्या एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, वर्ष 2021 में आत्महत्या करने वाली महिलाओं में गृहिणियों का अनुपात 51.5 प्रतिशत था। इस संदर्भ में केरल,



तमिलनाडु, तेलंगाना और कर्नाटक सूची में शीर्ष पर हैं। आत्महत्या की कुल घटनाओं में लगभग 15 प्रतिशत गृहिणियों से संबंधित हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को रेखांकित करती है। पिछले दो दशकों में, आत्महत्या की दर 7.9 से बढ़कर 10.3 प्रति 100,000 हो गई है। 2021 की रिपोर्ट पर गौर करें तो उत्तराखंड में एक वर्ष में 717 लोगों ने आत्महत्या की। इसमें 463 महिलाएं हैं और इसका सबसे बड़ा कारण पारिवारिक समस्या है। ऐसे में मनोविज्ञानियों की सलाह है कि परिवार में सामंजस्य बनाकर ही खुशहाल जिंदगी जीना संभव है। इसके लिए जागरूकता की जरूरत है जिससे की सकारात्मक सोच के साथ संघर्ष करने की सामर्थ्य पैदा हो सके। युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा अपनी योग्यता व क्षमता से अधिक हो चुकी है। परिवार पर नियंत्रण नहीं है और न ही सामंजस्य रह गया है। तनाव सहने की क्षमता नहीं है। असफलता का डर और पारिवारिक समस्याएं व्यक्ति को पूरी तरह प्रभावित कर रही है, जिसकी वजह आत्महत्याएं हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 36 प्रतिशत लोग गंभीर अवसाद से ग्रस्त हैं इसलिए हमें सबसे पहले अवसाद को दूर करना होगा। आर्थिक संपन्नता के साथ ही मानसिक रूप से स्वस्थ होने पर जोर देना होगा। वहीं जिस तरह किशोरों में पढ़ाई के दबाव से आत्महत्या के मामले बढ़ गए हैं। इसे लेकर भी अभिभावकों से लेकर समाज को नए सिरे विचार करना होगा। बच्चों को शुरुआत से ही उसकी पसंद के करियर के साथ जीवन के झंझावतों को झेलने के लिए भी प्रेरित करते रहना होगा। आजकल कई लोग मानसिक समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। इन दिनों लोग अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव की वजह से कई सारी समस्याओं का शिकार होते जा रहे हैं। दुनियाभर में तनाव और डिप्रेशन से कई सारे जूझ रहे हैं। यह एक तरह का गंभीर मानसिक विकार है, जिसके सही इलाज न मिलने पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं। डिप्रेशन के शिकार कई लोग खुदकुशी तक कर लेते हैं।

इधर तीन–चार दशकों में चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से जहां बीमारियों से होने वाली मृत्यु संख्या में कमी आयी है, वहीं इस वैज्ञानिक प्रगति, भौतिकवादी जीवनशैली एवं तथाकथित विकास के बीच आत्महत्याओं की संख्या पहले से अधिक हो गई है। चिंता की बात यह भी है कि आज के सुविधाभोगी एवं प्रतिस्पर्धी जीवन ने तनाव, अवसाद, असंतुलन को बढ़ावा दिया है, अब सन्तोष धन का स्थान अंग्रेजी के मोर धन ने ले लिया है। जब सुविधावादी मनोवृत्ति, कैरियर एवं बी नम्बर वन की दौड़ सिर पर सवार होती हैं और उन्हें पूरा करने के लिये साधन, सामर्थ्य एवं परिस्थितियां नहीं जुटा पाते हैं, या काम का दबाब अति हो जाता है, तब कुंठित, तनाव एवं अवसादग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है। सिनेमा में हंसता–खेलता और सार्वजनिक जीवन में लोगों का पसंदीदा बन गया कलाकार आखिर किसी दिन अचानक खुदकुशी कर लेता है। मगर किसी भी स्थिति में जीवन खो देने के बजाय हालात से लड़ना और उसका हल निकालना ही बेहतर रास्ता होता है, यह सीख कौन देगा? पर मुख्य सवाल यही रह जाता है कि आमतौर पर सभी सुविधाओं एवं समृद्धताओं के शिखर पर स्थापित एवं अपने आसपास कई स्तर पर समर्थ लोगों की दुनिया में सार्वजनिक रूप से अक्सर मजबूत दिखने के बावजूद कोई व्यक्ति भीतर से इतना कमजोर क्यों हो जाता है कि जिंदगी के उतार–चढ़ाव या झटकों को बर्दाश्त नहीं कर पाता? पर वे कौन–सी और कैसी असामान्य परिस्थितियां इन कलाकारों के सामने रही कि उन्होंने उनसे बचने या टकराने के बजाय जिंदगी की हार यानी आत्महत्या का रास्ता चुना?

जो परिवार तलाक, अलगाव, आर्थिक कलह एवं अभावों, रिश्तों के कलह के कारण टूटी हुयी स्थिति में होते हैं उनमें भी आत्महत्या की घटनाएं अधिक पायी जाती हैं। राजनैतिक उथल–पुथल और व्यापार में नुकसान, आर्थिक तंगी भी आत्महत्या का कारण बनती है। किसानों की फसल की तबाही और कर्ज की अदायगी की चिंता से हो रही आत्महत्या भी गंभीर समस्या बन गई है। कर्ज लेकर घी पीने की जीवनशैली ने भी सबकुछ दांव पर लगा दिया है। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण में वृद्धि भी इसके कारण है। भौतिक मूल्यों के बढ़ते हुए प्रभाव ने सामाजिक सामंजस्य की नई समस्याओं को जन्म दिया है। लेकिन आत्महत्या किसी भी सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के भाल पर एक बदनुमा दाग है, कलंक हैं। टायन्बी ने सत्य कहा हैं कि कोई भी संस्कृति आत्महत्या से मरती है, हत्या से नहीं।’ आत्महत्या की इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों पर नियंत्रण जरूरी है। इसके लिये जब कोई व्यक्ति ऐसी स्थितियों से गुजर रहा होता है, तो उसमें आस–पड़ोस, रिश्तेदार, दोस्त, सहकर्मी आदि उसे उनसे बाहर निकालने का प्रयास करते हैं। मगर हैरानी की बात है कि अब समाज अपनी यह भूमिका क्यों नहीं निभा पा रहा है। इस चिंताजनक स्थिति से निपटने के लिए सरकार के स्तर पर कारगर उपाय जुटाने की दरकार है। जिंदगी खुद को सुधारने का एक मौका हर किसी को जरूर देती है, लेकिन सुसाइड तो जिंदगी ही छीन लेती है।

# कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता पर रहे फोकस-राजस्थान आवासन मंडल में उच्चस्तरीय बैठक में वैभव गालरिया

चमकता राजस्थान

जयपुर, 09 सितम्बर। मुख्यमंत्री जन आवास योजना हो या अन्य कोई भी निर्माण, राजस्थान आवासन मंडल की प्राथमिकता गुणवत्ता होना चाहिए। ये कहना है प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग तथा अध्यक्ष राजस्थान आवासन मंडल वैभव गालरिया का। मंडल के बोर्ड कक्ष में आयोजित बैठक में आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे !







## आगामी प्लानिंग, नीलामी, आवंटन प्रक्रिया पर चर्चा, राजस्व पर सुझाव

बैठक के दौरान वैभव गालरिया ने राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जाने वाले आगामी निर्माण कार्यों और नीलामी प्रक्रिया को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नीलामी और आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए, ताकि आवासन मंडल के राजस्व को बढाया जा सके और आगामी प्रोजेक्ट्स को भी समय पर पूरा करने में मदद मिल सके। साथ ही आमजन या अन्य संस्थाओं की ओर से आने वाले सुझावों पर मंथन किया जाना चाहिए तथा प्रदेश के विकास को लेकर जो भी संभव हो उसे पूरा किया जाना चाहिए। मण्डल अध्यक्ष ने भूमि अधिग्रहण संबंधी लंम्बित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि संबंधित प्रकरण निस्तारित होने के पश्चात योजना बनाकर मुख्यालय भिजवाए।

## समबद्धता और गुणवत्ता रहे प्राथमिकताएं- वैभव गालरिया

वैभव गालरिया ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जा रहे सभी कार्य चाहे वो साधारण निर्माण हों या फिर मुख्यमंत्री जन आवास योजना, सभी को समय पर पूरा करने पर फोकस किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा भी ना हो कि तेजी के कारण गुणवत्ता को भूल जाएं। उन्होंने कहा कि समय पर कार्य पूरा करने के साथ ही गुणवत्ता पर भी मंडल को पूरी तरह ध्यान दिया जाना चाहिए।

## पौधारोपण में लाएं तेजी, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं वर्षा जल संचयन तकनीको का ईस्तमाल कर पानी को बचाए -वैभव गालरिया

वैभव गालरिया ने कहा कि पौधारोपण में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को पूर्ण रूप से समर्पित होकर ही सफल किया जा सकता है। इसके लिए मंडल के हर अधिकारी और कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान की वे खुद अपने स्तर पर सघन मोनिंट्रिग करेगें। इसके साथ ही गालरिया ने कहा कि आवासन मण्डल की समस्त योजनाओं में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं वर्षा जल संचयन तकनीको का ईस्तमाल कर पानी का बेहतर उपयोग किया जाए। इन तकनीको के माध्यम से पानी की बरबादी को रोका जाना सुनिश्चित करें।

## समस्याओं को दूर कर समन्वय से करेंगे काम- डॉ रश्मि शर्मा

आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा कि आवासन मंडल में कार्य के दौरान सामने आने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। साथ ही सभी विभागों से समन्वय बिठाकर हर कार्य को सम्पूर्णता के साथ सम्पन्न किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पहले आपस में समन्वय बिठाना होगा। तभी धरातल पर प्रोजेक्ट्स और प्लानिंग को उतारा जा सकेगा।

बैठक में सचिव डॉ अनिल पालीवाल, मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल मुख्य सम्पदा प्रंबधक प्रवीण अग्रवाल अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर मुख्य अभियन्ता मुख्यालय तेजवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गाँव-ढ़ाणियों तक सुलभ हो रही जन सुविधायें, किसान-मजदूर को मिल रहा लाभ : पटेल

- ग्राम गोनेड़ा में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व पशु चिकित्सालय भवन का किया उद्घाटन

**चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** कोटपूतली के समीपवर्ती ग्राम पंचायत गोनेड़ा में हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत हुये नवनिर्मित भवन व राजकीय पशु चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन का क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर व पट्टीका का लोकार्पण कर उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि गाँव-ढ़ाणियों तक शिक्षा व स्वास्थ्य की सेवायें सुलभ हो रही है। जिससे जन जीवन आसान बन रहा है। नवनिर्मित पशु चिकित्सालय ग्रामीण किसान व मजदूरों को लाभ पहुँचायेगा। गोनेड़ा में सीएचसी की मांग पिछले काफी समय से लम्बित थी, ऐसे में यहाँ सीएचसी बनने से ग्रामीणों को उपचार के लिये कोटपूतली व अन्य जगहों पर नहीं जाना पड़ेगा। उनके मवेशियों का उपचार भी स्थानीय स्तर पर होने से भी लाभ होगा जिससे ग्रामीणों का समय व धन बचेगा। राज्य सरकार इसी दिशा में कार्यरत एवं सजग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच एड. देवेन्द्र रावत ने की। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. लेखराज नारवाल, भाजपा नेता जयराम सिंह गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, सरपंच सोनू चौधरी, डॉ. हरिश गुर्जर, डॉ. मनोज सांखला, हवासिंह यादव, प्रमोद शर्मा, लालाराम गुर्जर, देवेन्द्र स्वामी, कैलाश चन्द, ओमप्रकाश, सत्यवीर नेताजी, खुशीराम खटाना, उमादत्त रावत, नारायण सिंह, सतराम रावत, रामनिवास, किशन लाल, राजेश भेड़ी, दलीप कुमावत, बलराम खटाना समेत ग्रामीण मौजूद रहे।



### हज 2025 :- हज फॉर्म आवेदन जमा करने की तारीख़ में 23 सितंबर तक विस्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर/नई दिल्ली! खलील कुरैशी ।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने राज्य हज कमेटियों, हज से जुड़ी सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों, पासपोर्ट कार्यालय की छुट्टियों, कुछ राज्यों/क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित होने और खुद हज यात्रियों की तीव्र मांग को ध्यान में रखते हुए हज आवेदन फॉर्म जमा करने की तारीख़ में विस्तार किया है। भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में निदेशक और हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ डॉ. लियाकत अली आफाकी, आई. आर.एस. ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया के तहत हज पर जाने के इच्छुक यात्री अब 23 सितंबर तक हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या मोबाइल पर ₹हज सुविधा ऐप₹ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डॉ. आफाकी ने आवेदकों को निर्देशित किया कि हज आवेदन फॉर्म भरने से पहले हज 2025 की गाइडलाइंस और शपथ पत्र को ध्यान से पढ़ लें। सीईओ, हज कमेटी ऑफ इंडिया ने इच्छुक हज यात्रियों से अनुरोध किया कि वे बढ़ाई गई तारीख़ तक हज आवेदन फॉर्म अवशय जमा कर दें, क्योंकि अब तारीख़ में और विस्तार लगभग असंभव है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय के निर्देश के अनुसार, हज 2025 के सभी प्रशासनिक कार्य अक्टूबर 2024 तक पूरे कर लिए जाएंगे। डॉ. आफाकी ने यात्रियों से यह भी अपील की कि वे हज 2025 के लिए बनाए गए समयबद्ध कार्यक्रम का पालन करें, ताकि वीज़ा प्राप्ति, आवास, हवाई टिकट और अन्य व्यवस्थाएं समय पर सही तरीके से पूरी हो सकें। डॉ. आफ़ाक़ी ने आगे बताया कि अब तक लगभग 1,15,000 (एक लाख पंद्रह हज़ार) लोगों ने हज 2025 के लिए पंजीकरण कर लिया है, जिसमें महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक से क्रमशः सबसे अधिक लोगों ने हज के लिए पंजीकरण कराया है। वहीं लगभग 2500 (ढाई हज़ार) से अधिक महिलाओं ने बिना महरम के हज का पंजीकरण कराया है। डॉ. आफाकी ने कहा कि हज यात्री किसी भी जानकारी या समस्या के समाधान के लिए केवल हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या राज्य हज कमेटियों के कार्यालयों से संपर्क करें, या हज कमेटी ऑफ इंडिया के हेल्पलाइन नंबर 022-22107070 पर संपर्क करें।

# ग्राम साथिनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक

**श्रीनगर।** अजमेर जिले की पंचायत समिति श्रीनगर के आंगनबाड़ी केंद्र पर श्रीनगर खंड की समस्त ग्राम पचायतों की ग्राम साथिनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ !

महिला आधिकारिता विभाग से श्रीनगर खंड के पर्यवेक्षक अभिषेक मांड़िया ने बताया की सोमवार को महिला आधिकारिता विभाग अजमेर तत्वाधान में मिशन शक्ति के तहत 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान 21 जून 2024 से 4 अक्टूबर 2024 तक के उपलक्ष में श्रीनगर ब्लॉक की समस्त ग्राम साथिनों को उक्त मिशन के तहत प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की खुलकर जानकारी दी गई और बताया की अपनी अपनी ग्राम पचायतों के अधीनस्थ गावों में जाजम व किशोरी बालिकाओं बैठको में महिलाओं व बालिकाओं को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे महिला सशक्तिकरण, महिला उत्पीड़न, महिला शोषण, बाल विवाह निषेध, शिक्षा, चिकित्सा व टीकाकरण पर खुलकर बताये,इस मोके पर विशेषज्ञ संध्या सिंह व श्रीनगर ब्लॉक समस्त साथिने उपस्थित थी।




# आईएएस डा. नीरज के. पवन ने सम्भाला खेल सचिव तथा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष का पदभार

## बजट घोषणाये तय समय पर पूरी करना प्राथमिकता, अधिकारियों की ली बैठक, स्टेडियम का किया दौरा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 9 सितम्बर।** सोमवार को आईएएस डा. नीरज के. पवन ने शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद का पदभार सम्भाल लिया है। सवाई मान सिंह स्टेडियम आने पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने समस्त अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी ली।



इस अवसर पर डा. नीरज के. पवन ने कहा कि युवा मामले एवं खेल विभाग की कुल 28 बजट घोषणायें है। इन घोषणओ की क्रियान्विति माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार तय समय पर पूरी की जायेगी। खिलाड़ियों के लिये प्रशिक्षकों के लिए अच्छी व्यवस्था की जायेगी, जिससे ज़्यादा से ज़्यादा पदक जीत सके। उन्होंने कहा कि हम एक टीम के रूप में कार्य करते हुए खेलों का विकास करने के साथ साथ राजस्थान के खेलों को बुलन्दी पर लेकर जायेंगे। हमारे खेलमंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ स्वयं बहुत ख्यातिनाम खिलाड़ी रहे है। उनके नेतृत्व व मार्गदर्शन में हम प्रदेशभर में खेलों का माहौल बनाकर भविष्य के लिए पदक विजेता खिलाड़ी तैयार करेंगे। डा. नीरज के. पवन ने कहा कि राज्य सरकार की स्पष्ट मंशा है कि जितने भी निर्माण कार्य चल रहे है, वे जल्दी से जल्दी पूरे हो, जिससे प्रदेश के खिलाड़ियों को इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने बैठक के बाद सवाई मान सिंह स्टेडियम के मुख्य क्रिकेट मैदान, निर्माणाधीन खेल भवन, क्रिकेट एरिना, बैडमिंटन हॉल तथा रीहेब सेंटर का दौरा किया।

## करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव साथ में विधायक रोहित बोहरा पहुंचे बोथपुरा गांव



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)** की प्रमुख खबर राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के बोथपुरा गांव की पार्वती नदी में डूबी 4 बालिकाओं के मौत पर जताया दुःख, दोनों ने की प्रेस वार्ता, गांव में जाकर शोक संतृप्त परिवारों को ढाढस बधाया! परिवारों को जल्द ही आर्थिक सहायता को लेकर भेजा प्रस्ताव, दो परिवारों को एनएफएसए के तहत 5-5 लाख तो, दो परिवारों को एसडीआरएफ के तहत 4-4 लाख की सहायता का प्रस्ताव राजाखेड़ा विधानसभा के ग्राम बोथपुरा की चार बालिकाओं के पार्वती नदी में डूबकर निधन की दुःखद घटना पर आज सांसद भजनलाल जाटव के साथ रोहित बोहरा पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर उनके साथ दुःख साझा किया, संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान और शोक संतृप्त परिवारों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दुःख की इस घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ हैं, इसके साथ ही जिला कलेक्टर से मुलाकात कर चारों परिवारों को आर्थिक सहायता मुहैया करवाने के संबंध में चर्चा की है। पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# राजस्थान को दुनिया में पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए किए जाएंगे सभी उपायः रवि जैन (शासन सचिव,पर्यटन)

चमकता राजस्थान

जयपुर, 9 सितम्बर। पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने सोमवार को पर्यटन भवन में विभागीय कार्य योजनाओं के सम्बन्ध में बैठक ली तथा इनकी प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

शासन सचिव ने बताया कि राजस्थान पर्यटन कि दृष्टि से देश और दुनिया में अग्रणी राज्य है। ऐतिहासिक दृष्टि से यहां के महल, किले, बावड़िया, कला, संस्कृति साहित्य गौरवशाली व उत्कृष्ट है।




इनका संरक्षण करने के साथ ही प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी करने के लक्षय को ध्यान में रखकर कार्य किया जाएगा। राजस्थान को पूरी दुनिया में पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए सभी उपाय किये जाएंगे।

इससे पूर्व शासन सचिव ने राजस्थान में आने वाले देशी और विदेशी पर्यटकों की संख्या में पिछले वर्षों की तुलना में हो रही वृद्धि, विभागीय संरचनात्मक ढांचे ,राजस्थान में पर्यटन प्रोत्साहन हेतु जारी प्रमुख नीतियों, योजनाओं व गाइडलाइन ,पर्यटक सहायता बल , होटल प्रबन्ध संस्थानों व फूड क्राफ्ट संस्थानों संबंधी जानकारी ली तथा इनके प्रचार प्रसार में बढ़ोतरी के निर्देश दिए ।

बैठक में अतिरिक्त निदेशक राकेश शर्मा व आंनद त्रिपाठी,संयुक्त निदेशक श्रीमती पुनीता सिंह, पवन जैन व सुश्री सुमिता सरोच ने मेले-उत्सवों के आयोजन , पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विकास, निवेश प्रोत्साहन पर्यटन इकाइयों के अनुमोदन, गाइडों का चयन एवं प्रशिक्षण, फिल्म पर्यटन को प्रोत्साहन की नीति, राजस्थान पर्यटन के विजन डॉक्यूमेंट्स के नियमों, राजस्थान पर्यटन इकाई नीति तथा राजस्थान की नई पर्यटन नीति के निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी दी ।

बैठक में निदेशक पुरातत्व विभाग पंकज धरेन्द्र, वित्तीय सलाहकार श्रीमती गार्गी सिंह, उपनिदेशक पर्यटन दलीप सिंह राठौड़, उपेन्द्र सिंह शेखावत तथा अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# जन परिवेदनाओं का हो त्वरित एवं प्रभावी निस्तारणः जिला कलक्टर

- कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक
- बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर विभागीय अधिकारियों से की चर्चा

## 10 दिसंबर तक विद्युत विहीन राजकीय विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने के दिये निर्देश



चमकता राजस्थान

जयपुर, ?(खलील कुरैशी) 09 सितंबर। राज्य सरकार की मंशा अनुसार जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई के साथ-साथ त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित हो। यह कहना है जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का। जिला कलक्टर ने यह बात जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलक्टर ने विभागवार फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में डॉ. सोनी ने कहा कि जन परिवेदनाओं का स्थानीय स्तर पर ही समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान हो ताकि परिवादी को जिला स्तर तक ना आना पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी कंट्रोल रूम पर प्राप्त शिकायतों पर भी कार्रवाई करें ताकि आमजन तक जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जा सके।

- **10 दिसंबर तक विद्युत विहीन विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन हो सुनिश्चित**

जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को आगामी मानवाधिकार दिवस, 10 दिसंबर 2024 तक 'अभियान उजास' के तहत जिले के विद्युत विहीन राजकीय विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को राजकीय विद्यालयों एवं विद्यालयों में संचालित पुस्तकालयों का नामकरण प्रेरक व्यक्तित्वों के नाम पर करने की प्रक्रिया अमल में लाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को राजकीय विद्यालयों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति करने एवं सभी बालिका विद्यालयों में टॉयलेट निमार्ण करवाने के लिए भी निर्देशित किया।

- **प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे सरकार की योजनाओं का लाभ**

बैठक में कलक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले के किसानों तक सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रगतिशील किसानों के नवाचारों एवं उन्नत कृषि के तौर-तरीकों का व्यापक प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।डॉ. सोनी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की पालनहार सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की एवं अधिकारियों को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जिले में सड़कों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सके। साथ ही उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को राजकीय चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में साफ-सफाई, दवाओं एवं चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता सहित अन्य तमाम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्यालय की संपूर्ण कार्यवाही ई-फाइल के माध्यम से सुनिश्चित करने एवं रेस्पॉन्स टाइम बेहतर करने के भी निर्देश दिये।

- **बैठक में ये अधिकारीगण रहे उपस्थित**

बैठक में उप वन संरक्षक श्री वी. केतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल सहित जयपुर विकास प्राधिकरण, पुलिस विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच

- **मिला संतोषजनक एवं समुचित उपचार**

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम।** 9 सितंबर । प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच व उपचार किया गया। उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।



### उदयपुर में पटवारी 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर,!(खलील कुरैशी) 09 सितम्बर, सोमवार ।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, उदयपुर इकाई द्वारा आज देर रात कार्यवाही करते हुये भरत कुमार मीणा पटवारी, पटवार हल्का ढूंढीया, तहसील मावली, जिला उदयपुर को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी. बी. की स्पेशल यूनिट, उदयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि राजस्व रिकार्ड में नामान्तकरण शुद्धीकरण करने की एवज में आरोपी भरत कुमार मीणा पटवारी, पटवार हल्का ढूंढीया, तहसील मावली, जिला उदयपुर द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एसीबी की स्पेशल यूनिट, उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राजीव जोशी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी भरत कुमार मीणा पटवारी, पटवार हल्का ढूंढीया, तहसील मावली, जिला उदयपुर को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी पटवारी द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 4 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३२स्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 247 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।



## खेजड़ली में संपन्न हुआ बिश्नोई युवा सम्मेलन

### बिश्नोई समाज के चहुंमुखी विकास, विभिन्न सकारात्मक सुधारों एवं जनकल्याण पर रहा फोकस






चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) राष्ट्रीय शहीदी पर्यावरण संस्थान खेजड़ली एंव समस्त बिश्नोई समाज के तत्वावधान में दिनांक 9 सितम्बर 2024 को युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ है सम्मेलन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही पूरे भारत वर्ष के युवाओ ने भाग लिया जिसमें समाज के प्रति युवाओं का योगदान एंव प्रत्येक क्षेत्र यथा सामाजिक, धार्मिक ,आर्थिक , राजनैतिक, नैतिक आदि विषयों पर चर्चा की जैसे जाम्भाणी दर्शन पर्यावरण संरक्षण, वर्तमान पर्यावरण कानून एंव बदलाव की आवश्यकता,सामाजिक मान मर्यादा एंव आचरण,सोशल मीडिया के प्रति सकारात्मक जवाबदेही , व्यक्तित्व विकास, खेल, युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति -ःड्ट कारण और उपचार , युवा एंव व्यापार, युवा एवं राजनीति राजनीति में युवाओं का कैरियर, युवा एंव आरक्षण की माँग, युवाओं को जोधपुर सहित मुख्य शहरों में छात्रावास उपलब्ध करवाना एंव वर्तमान स्थिति इन विषयों पर चर्चा करके 8 प्रस्ताव पास करके संकल्प लिया जो कि इस प्रक- ार से है 1. सार्वजनिक समारोह में बिश्नोई समाज के युवाओं एवं युवतियों को पारंपरिक पोशाक में ही शामिल होंगे।2. विश्नोई युवा किसी भी प्रकार के गैर कानूनी कार्यों में शामिल नहीं होगा एवम न ही सहयोग करेगा।3. युवाओं द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग सकारात्मक होगा और कि- सी का उपयोग नकारात्मक टीका टिप्पणी नहीं करेगा।4. विश्नोई युवा समाज के प्रत्येक बंधुओं का, बड़े बुजुर्गो का सम्मान करेगा व जब मौका मिले समाज की सेवा को तैयार रहेगा।5. विश्नोई युवा गुरु जम्भेश्वर भगवान द्वारा दिए सिद्धांतो व नियमों पर चलते हुवे पर्यावरण बचाने हेतु हमेशा एक वोलियंटर की तरह तत्पर रहेगा।6. मां अमृता देवी बिश्नोई युवा संगठन होगा।7. मां अमृता देवी बिश्नोई युवा संगठन का सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा।8. प्रतिवर्ष कृष्ण जन्माष्टमी को गुरु जम्भेश्वर भगवान की शोभायात्रा शहर में निकाली जाएगी जिसमें परंपरागत वेशभूषा व 29 नियमों का डिस्प्ले प्रदर्शित होगा।12 सितम्बर को खेजड़ली मंदिर की कलश स्थापना एंव 13 को राष्ट्रीय पर्यावरण मेला होगा जिसमे भारतवर्ष से बिश्नोई समाज एंव पर्यावरण प्रेमी भाग लेंगे।

## प्रतापगढ़ जिले में थाना छोटी सादड़ी पुलिस की कार्रवाई

- **1.26 करोड़ रुपये कीमत का अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/प्रतापगढ़,!(खलील कुरैशी) 9 सितंबर।** प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी थाना पुलिस की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक करोड़ 26 लाख 6 हजार 700 रुपये कीमत का 840 किलो 445 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस ने रास्ते से बाड़े में अवैध मादक पदार्थ के कट्टे रखने वाले तस्कर रामलाल पाटीदार पुत्र नंदलाल (50) निवासी गोमाना को गिरफ्तार कर लिया है कार्यवाहक एसपी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ गोपाल लाल हिंडोनिया के सुपरविजन में छोटी सादड़ी थाना इंचार्ज नारायण लाल मय टीम द्वारा सोमवार को गश्त की जा रही थी। इसी दौरान टीम को गोमाना गांव के बोम्बे बाजार गली में एक व्यक्ति रास्ते में रखे हुए प्लास्टिक के कट्टों को बाड़े के अंदर रखता हुआ नजर आया।पुलिस को देख वह व्यक्ति बाड़े के अंदर भाग गया। सन्दिग्ध लगने पर पुलिस ने अभियुक्त रामलाल पाटीदार को पकड़ अंदर रखे कट्टों को चैक किया तो 42 कट्टों से 8 क्विंटल 40 किलो 445 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा मिला। इस पर अवैध मादक पदार्थ जब्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

### हम वक्फ संशोधन विधेयक को पारित नहीं होने देंगे", शरद पवार

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रतिनिधि मंडल ने करी एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार से मुलाक़ात

- **शरद पवार ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया**

## प्रस्तावित वक्फ संपत्ति संशोधन विधेयक 2024 के संबंध में मुस्लिम पर्सनल लॉ ने रखा मजबूती से अपना पक्ष, सौंपा ज्ञापन



चमकता राजस्थान

**जयपुर/मुंबई (खलील कुरैशी)** । ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव एम.आई. फजलुर रहीम मुजद्दिदी के नेतृत्व में बोर्ड के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को एनसीपी नेता और राज्यसभा सदस्य शरद पवार से उनके आवास पर मुलाकात की और प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने वक्फ संशोधन विधेयक को खारिज करने की मांग करते हुए कहा कि यह भारत के संविधान के खिलाफ है।बोर्ड के महासचिव ने पवार को बताया कि पिछले कुछ समय से लगातार यह झूठ फैलाया जा रहा है कि वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई कोई भी जमीन या संपत्ति स्वतः ही उसकी संपत्ति बन जाती है। हालांकि, वास्तविकता यह है कि हजारों एकड़ वक्फ भूमि पर केंद्र और राज्य सरकारों सहित अन्य लोगों का अवैध कब्जा है और उन्हें वापस लेने के प्रयास वर्षों से चल रहे हैं। हालांकि, इस बात का डर है कि अगर यह विवादास्पद विधेयक पारित हो जाता है, तो वे सभी जमीनें ले ली जाएंगी। वक्फ बोर्ड के कब्जे से दूर। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा वक्फ अधिनियम (1995) के तहत ऐसे विवादों को निपटाने के लिए बहुस्तरीय न्यायिक व्यवस्था है। वक्फ ट्रिब्यूनल के बाद उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में जाने का विकल्प है। हालांकि, मौजूदा संशोधन के साथ, सभी न्यायिक मामले जिला कलेक्टर/डीएम को हस्तांतरित हो जाएंगे। जाहिर है, देश में कोई भी कलेक्टर सरकार के खिलाफ फैसला लेने की हिम्मत नहीं जुटा पाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने वक्फ बोर्ड और सेंट्रल वक्फ काउंसिल में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने और सीईओ के पद के लिए मुस्लिम की आवश्यकता को हटाने के प्रस्ताव पर भी कड़ी आपत्ति जताई। बिल की अन्य कमियों को उजागर करते हुए महासचिव ने कहा, ₹हमारा मानना है कि यह बिल वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए लाया गया है जो हमें बिल्कुल अस्वीकार्य है। बिल में किसी भी संशोधन के बजाय मुसलमान इसे पूरी तरह से खारिज करते हैं।₹ प्रतिनिधिमंडल ने श्री पवार से मांग की कि उनकी पार्टी और इंडिया अलायंस को सरकार पर बिल वापस लेने के लिए पर्याप्त दबाव डालना चाहिए। मुस्लिम प्रतिनिधियों की बात सुनने के बाद वरिष्ठ नेता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि हम इसे किसी भी हालत में संसद में पारित नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि एनसीपी सांसद श्री सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य हैं और हमने उन्हें समिति में मुसलमानों की भावनाओं का पूर्ण प्रतिनिधित्व करने का निर्देश दिया है। बोर्ड के महासचिव ने पवार को उनके स्पष्ट आश्वासन के लिए धन्यवाद दिया और उनके स्वास्थ्य और कल्याण के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। मुंबई में मौजूद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्यों के अलावा प्रतिनिधिमंडल में मुंबई के मुस्लिम समुदाय की प्रमुख हस्तियां भी मौजूद थीं, जिनमें एमआई महमूद अहमद खान दरियाबादी, अबू आसिम आज़मी, डॉ. ज़हीर काज़ी, मुफ़्ती सईदुर रहमान, सलीम मोटरवाला, शिया धर्मगुरु मौलाना रूह ज़फ़र, शाकिर शेख, मौलाना अनीस अहमद अशरफ़ी, एमआई बुरहानुद्दीन कासमी, डॉ. अज़ीमुद्दीन, हाफ़ज़ि इकबाल चूनावाला, नईम शेख और साहिल सूबेदार शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान आवासन मंडल में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित-

- **प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने कार्यों की समयबद्ध क्रियान्विति तथा गुणवत्ता को प्राथमिकता पर रखने के दिये निर्देश**




**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 09 सितम्बर।** मुख्यमंत्री जन आवास योजना सहित अन्य सभी निर्माणों में गुणवत्ता को प्राथमिकता पर रखने के निर्देश राजस्थान आवासन मंडल अध्यक्ष वैभव गालरिया ने मण्डल में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में दिये। मंडल के बोर्ड कक्ष में सोमवार को आयोजित बैठक में आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

- **आगामी प्लानिंग, नीलामी, आवंटन प्रक्रिया पर चर्चा, राजस्व पर सुझाव**

» बैठक के दौरान गालरिया ने राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जाने वाले आगामी निर्माण कार्यों और नीलामी प्रक्रिया को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नीलामी और आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए, ताकि आवासन मंडल के राजस्व को बढ़ाया जा सके और आगामी प्रोजेक्ट्स को भी समय पर पूरा करने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आमजन एवं अन्य संस्थाओं की ओर से आने वाले सुझावों पर भी मंथन किया जाना चाहिए। मण्डल अध्यक्ष ने भूमि अधिग्रहण संबंधी लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि प्रकरणों के निस्तारण के पश्चात योजना बनाकर मुख्यालय भिजवाए जाएं।

- **समबद्धता और गुणवत्ता रहें प्राथमिकता- वैभव गालरिया**

» गालरिया ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जा रहे सभी कार्य चाहे वो साधारण निर्माण हों या फिर मुख्यमंत्री जन आवास योजना, सभी को समय पर पूरा करने पर फोकस किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य में तेजी के साथ–साथ गुणवत्ता पर भी पूरी तरह ध्यान दिया जाना चाहिए। पौधारोपण में लाएं तेजी, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं वर्षा जल संचयन तकनीकों के उपयोग से पानी बचाएं गालरिया ने कहा कि पौधारोपण में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए मंडल के हर अधिकारी और कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी को समझकर समर्पित होकर अभियान में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि आवासन मण्डल की समस्त योजनाओं में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं वर्षा जल संचयन तकनीकों का इस्तेमाल कर पानी का बेहतर उपयोग किया जाए।

- **समस्याओं को दूर कर समन्वय से करेंगे काम- आवासन आयुक्तआवासन आयुक्त**

» डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि आवासन मंडल में कार्य के दौरान सामने आने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। साथ ही सभी विभागों से समन्वय बिठाकर हर कार्य को सम्पूर्णता के साथ सम्पन्न किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पहले आपस में समन्वय बिठाना होगा। तभी धरातल पर प्रोजेक्ट्स और प्लानिंग को उतारा जा सकेगा। बैठक में सचिव डॉ. अनिल पालीवाल, मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल मुख्य सम्पदा प्रबंधक प्रवीण अग्रवाल अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर मुख्य अभियंता मुख्यालय श्री तेजवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## [ पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अभियान ]

# मेवात क्षेत्र में ऑपरेशन एंटीवायरस में 2.36 लाख सन्दिग्ध सिम एवं 2.29 लाख आईएमईआई नंबर ब्लॉक करवाए

### मेवात रीजन में राजस्थान पुलिस की प्रभावी कार्रवाई से साइबर क्राइम रेट में आई भारी कमी

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 09 सितम्बर।** साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए प्रदेश के मेवात क्षेत्र में चलाये गये ₹ऑपरेशन एंटीवायरस₹ में राजस्थान पुलिस ने भारत सरकार और दूरसंचार विभाग से समन्वय करते हुए 2.36 लाख सन्दिग्ध सिम एवं 2.29 लाख आईएमईआई नंबर ब्लॉक करवाए हैं। वहीं प्रदेश भर में जुलाई-अगस्त 2024 में गुमशुदा मोबाइल की तलाशी के लिए संचालित विशेष अभियान में 5000 से ज्यादा चोरी व गुम हुए मोबाइल ट्रेस कर धारकों को लौटाये गये है महानिदेशक पुलिस (डीजीपी) साइबर अपराध एवं एससीआरबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि प्रदेश में बढ़ रहे साइबर क्राइम को चैलेंज के रूप में लेते हुए

- **प्रदेश भर में दो माह के विशेष अभियान में पांच हजार से ज्यादा चोरी व गुम हुए मोबाइल ट्रेस कर धारकों को लौटाये**

राजस्थान पुलिस ने मेवात क्षेत्र में 'ऑपरेशन एंटीवायरस' के तहत साइबर क्रिमिनल्स की डेटाबेस के आधार पर पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इसके परिणाम स्वरुप मेवात क्षेत्र में साइबर क्राइम में भारी कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि आज से करीब 5-6 महीने देश के साइबर क्राइम का 18% मेवात क्षेत्र में हो रहा था वह अब घटकर मात्र 5% तक रह गया हैं डीजीपी (साइबर अपराध) प्रियदर्शी ने बताया कि मेवात



क्षेत्र में आपरेशन एंटी वायरस में प्रभावी कार्रवाई करते हुए ना सि-र्फ अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, वरन उनके विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इस वजह से अधिकांश आरोपियों की न्यायालय से जमानत नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 2.36 लाख के आसपास सन्दिग्ध सिम एवं करीब 2.29 लाख सन्दिग्ध आईएमईआई वाले मोबाइल हैंडसेट की पहचान कर भारत सरकार के डिपार्मेंट आफ कम्यूनिकेशन से संपर्क कर ब्लॉक करवाया गया है, जिसके कारण साइबर क्राइम के अपराध में कमी आई है प्रियदर्शी ने बताया कि मोबाईल चोरी या खोने के बारे में आमजन द्वारा दर्ज शिकायतों के सम्बंध में सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। पिछले दो महीनों में प्रदेशभर में 5000 से अधिक गुमशुदा मोबाईल ट्रेस करने में सफलता मिली है, अधिकांश मोबाइल जिला पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से उनके धारकों को वापस सम्भलाए गए है, शेष मोबाइल भी लौटने की कार्रवाई जारी है। डीजी साइबर क्राइम प्रियदर्शी ने बताया कि भारत सरकार के पोर्टल www. ceir.gov.in पर चोरी व गुम हुए और सन्दिग्ध मोबाइल का डाटा रहता है। जब इन मोबाइल पर कोई व्यक्ति नई सिम डालकर प्रयोग करने की कोशिश करता है तो 'अलर्ट' के रूप में उसकी लोकेशन नजदीकी थाने पर आ जाती है। उन्होनें आम लोगों को सलाह दी है कि मोबाईल चोरी या गुम हो जाने पर उसकी गुमशुदगी नजदीकी थाने पर दे या राजस्थान पुलिस के पोर्टल पर इसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराए। इस कार्रवाई के बाद शिकायत का विवरण भारत सरकार के इस पोर्टल पर आवश्यक रूप से दर्ज करें उन्होंने बताया कि प्रदेश में जुलाई-अगस्त माह में बड़ी संख्या में गुमशुदा मोबाईल को ट्रेस करने की सफलता के बाद इस प्रक्रिया को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

# 'सभी आस्थाओं और विश्वासों का संगम स्थल है रामदेवरा':- ओम बिरला

### लोकसभा अध्यक्ष ने पदयात्रा कर किए समाधि स्थल के दर्शन

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 9 सितम्बर। जैसलमेर जिले के रामदेवरा के प्रवास पर आए लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने सोमवार को बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। बिरला 1.5 कि.मी. तक पदयात्रा करते हुए बाबा के धाम पहुंचे और पूजा अर्चना कर देश में खुशहाली की कामना की बिरला ने कहा कि राजस्थान ही नहीं बल्कि देशभर के असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र रामदेवरा में बाबा के दर्शन के लिए आना मेरे लिए सुखद क्षण है। बाबा रामदेव जी की महिमा अपरम्पार है, उनका जीवन हम सभी के लिए एक उज्ज्वल प्रेरणा है। उनका आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे और हम उनके आदर्शों पर चलते हुए एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। सर्वधर्म सद्भाव के प्रतीक बाबा रामदेव जी ने सामाजिक भेदभाव का विरोध करते हुए असहायों को सशक्त बनाने में जीवन समर्पित किया। उनके आदर्श हमारे प्रेरक मार्गदर्शक हैं। हम सभी उनके आदर्शों का पालन करें और समाज में समरसता, एकता, और भाईचारे का संदेश फैलाएं। बाबा रामदेव जी का जीवन केवल एक संत या महापुरुष का जीवन नहीं था, बल्कि वह एक ऐसे लोकदेवता हैं जिन्होंने अपने जीवन के माध्यम से समाज में क्रांति और सुधार का संदेश दिया। बिरला के साथ ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और ओएसडी राजीव दत्ता भी मौजूद रहे।



### मेघवाल समाज ने किया सम्मान–

» रामदेवरा में स्पीकर बिरला मेघवाल समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए। श्री बाबूलाल मेघवाल के नेतृत्व में उनका समाजजनों ने स्वागत किया। बिरला ने कहा कि बाबा रामदेव जी का मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि यह उन सभी आस्थाओं और विश्वासों का संगम स्थल है, जो एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। इस यात्रा के दौरान जाति, धर्म, और भेदभाव की सभी सीमाएँ समाप्त हो जाती हैं। यह बाबा रामदेव जी की महानता का प्रतीक है, जो लोगों को आपस में जोड़ती है।इस दौरान सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने आई.टी.नागरिक सेवा केंद्र, संसाधन विकास एवं समन्वय एवं वित्तीय शाखाओं की ली समीक्षा बैठक

- **अधिकारियों को आमजन की सुविधार्थ निरंतर सेवाभाव से कार्य करने के दिए निर्देश**




**चमकता राजस्थान । जयपुर!(खलील कुरैशी) 09 सितंबर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं माननीय स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे है।जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में सोमवार को जेडीए के चिंतन सभागार में आई.टी., नागरिक सेवा केंद्र, संसाधन विकास एवं समन्वय एवं वित्तीय शाखाओं की समीक्षा बैठक अलग–अलग समय पर आयोजित हुई। बैठक में जेडीसी ने आई.टी. प्रकोष्ठ की संपूर्ण जानकारी ली। जेडीए द्वारा नागरिक सेवा केंद्र में दी जा रही विभिन्न लोक गारंटी सेवाओं हेतु आवेदन प्रकिया से डिस्पोजल तक सभी प्रक्रियाओं को बार-ीकी से जाना। इसके पश्चात संसाधन विकास एवं समन्वय प्रकोष्ठ की बैठक में प्रकोष्ठ से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रकोष्ठ द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की सराहना की एवं आमजन की सुविधार्थ कार्य करने हेतु दिशा–निर्देश दिये जेडीसी द्वारा अंत में वित्तीय शाखा की बैठक ली। जिसमें उन्होंने अधिकारियों से जेडीए की वित्तीय स्थिति के बारे में विस्तार से जाना एवं इस पर संतोष व्यक्त करने के साथ वित्तीय स्थिति और सुदृढ करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। जिससे भविष्य में जेडीए द्वारा जयपुर शहर के विकास को नये आयाम मिलेंगे। उन्होंने अधिकारियों द्वारा वर्तमान में अपने–अपने प्रकोष्ठों में संपादित किये जा रहे विभिन्न कार्यो की सराहना की एवं भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करते रहने के निर्देश दिये।

## जेडीए ने 127 बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त


# जयपुर विकास प्राधिकरण मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा के उचित प्रबंधन एवं निर्देशन में लगातार कर रहा प्रभावी कार्रवाईयां

### मंगलम ग्रुप की नामक नवीन अवैध कॉलोनीं फोरेस्टा सहित अन्य कालोनी पर करी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

चमकता राजस्थान





**जयपुर!(खलील कुरैशी) 09 सितम्बर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 दौलतपुरा दिल्ली बाईपास रोड़ पर निजी खातेदारी करीब 100 बीघा कृषि भूमि पर मंगलम् ग्रुप द्वा-रा बनाई जारी रही नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। निजी खातेदारी की करीब 27 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम टोडी मोड़ से दौलतपुरा, दिल्ली बाईपास रोड़ पर जिला जयपुर में मंगलम् ग्रुप द्वारा करीब 100 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''फोरेस्टा'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल, डामर की सड़के, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू की गई है। आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वा-रा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से उक्त अवैध कॉलोनी के अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किये जाने की कार्यवाही की गई, कार्यवाही जारी है। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सेवापुरा में कचरा डिपो के पास, जिला जयपुर में करीब 27 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रेवल, डामर की सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### चेन स्नेचिंग का विरोध करने पर स्थानीय भाजपा नेता की हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में सोमवार सुबह चेन स्नेचिंग का विरोध करने पर बेखौफ अपराधियों ने भाजपा नेता श्यामसुंदर उर्फ मुन्ना शर्मा की हत्या कर दी। चैन स्नेचिंग की पूरी वारदाता सीसीटीवी में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि श्याम सुंदर सड़क किनारे बैठे हैं। तभी बाइक से तीन बदमाश पहुंचे और चेन छीनने लगे। श्याम सुंदर ने विरोध किया तो अपराधी ने सिर में गोली मार दी है। दूसरे ने चाकू से हमला कर दिया। चेन लूटने के बाद तीनों बदमाश बाइक पर से भाग निकले। श्यामसुंदर पटना सिटी चौक के नगर मंडल अध्यक्ष थे। उनके बेटे का रविवार को इंगेजमेंट था। घर में आये मेहमान को वह सोमवार सुबह छोड़ने गये थे। लौटते समय अपराधी चेन छीनने लगे तो विरोध किया, जिससे नाराज एक बदमाश ने उनके सिर में गोली मार दी जबकि दूसरे ने चाकू से कई बार हमले किए। मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद उन्हें पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। चौक थाना प्रभारी शशि राणा ने बताया कि मुन्ना शर्मा की हत्या सोमवार सुबह धारदार हथियार से हमला कर की गई है। एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की मदद से पूरे मामले की जांच की जा रही हैं।

### रास्ता विवाद को लेकर बच्चों ने विद्यालय में जड़ा ताला

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय महादेव टीकर के बच्चों और अभिवावकों ने सोमवार को विद्यालय में ताला जड़ दिया। उल्लेखनीय हो कि विद्यालय जाने के रास्ते को लेकर स्कूल में तालाबंदी किया गया। विद्यालय जाने में छात्र छात्राओं को रास्ता के ना रहने से काफी समस्या होती है। कई छात्र छात्रा गड्ढे में गिरकर जख्मी हो जाते हैं। खेत मालिक के द्वारा रास्ता बंद कर दिया गया तथा बच्चों को अभद्र रूप से गालियां दी जाने लगी। बच्चों ने बताया जबतक इसका निदान नहीं होगा तब तक स्कूल बंद रहेगा। उल्लेखनीय हो कि पूर्व विधायक रामविलास पासवान के द्वारा भी स्कूल के रास्ते को लेकर विधानसभा में दो से तीन बार आवाज उठाया गया था। फिर भी इसका कोई समाधान नहीं निकला। वहीं स्कूल में कक्षा एक से लेकर बारहवीं तक में लगभग एक हजार बच्चे हैं। जबकि शिक्षक 18 हैं। प्रधानाध्यापक जवाहर लाल सिंह ने बताया कि छात्र छात्राओं और ग्रामीणों के द्वारा स्कूल में ताला लगा दिया गया। छात्राओं ने कहा जबतक रास्ता नहीं मिलेगा तबतक स्कूल अनिश्चित कालीन बंद रहेगा। वहीं प्रधानाध्यापक ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीडीओ तथा अंचलाधिकारी को पत्र देकर रास्ते के निदान के बारे में और बच्चे की पढ़ाई में कोई परेशानी ना हो इसको लेकर ज्ञापन सौंपा है।

### दस दिवसीय गणेश महोत्सव आयोजित

**सहरसा।** नगर निगम क्षेत्र के कायस्थ टोला वार्ड नंबर 30 स्थित शिव मंदिर प्रांगण में दस दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।आयोजन समिति के सदस्य रोहन सिन्हा गुलशन ने बताया गणेश पूजा को लेकर पूरा भक्तिमय माहौल बना हुआ है।17 वर्षों से लगातार गणेश पूजा का आयोजन होते आ रहा है।दर्शन करने आए श्रद्धांलुओं को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए हरदम वोलेटियर तैनात रहते है। पूजन कार्य स्थानीय पंडित राजा झा के द्वारा विधिवत करवाया जाता है। आज के आधुनिक दौर में लोग धार्मिक कार्यों में दूर होते जा रहे इस स्थिति में युवा फ्रेंड्स क्लब के सभी सदस्य दस दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव आयोजन कर समाज को एक साथ रखने का प्रयास करता है।आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से ऋषभ श्रीवास्तव,मोनू महाकाल,मनोज सिन्हा, हेमंत आर्य, सत्यम झा, अनीत कुमार, सोनी सिंह,प्रसंग सिन्हा, साहिल सिन्हा,सोनू सिंह,प्रशांत सिंह राजू, बुल्लू झा, सुनील झा,अमित लाला, संगम वर्मा, निहाल सिन्हा, शिवम सत्या, मन्नू कुमार, अर्णव सिन्हा आदि कार्यकर्त्ता लगे हुए है।

### लॉकर में शिकायत के सभी दस्तावेज सीबीआई ने संदीप के घर से बरामद किया

**कोलकाता ।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष अपने खिलाफ सभी शिकायत-जांच की फाइलें घर के लॉकर में रखते थे। साथ ही टेंडर से लेकर वेंडरों के अनुबंध तक के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज, फाइलें प्रिंसिपल अपने कार्यालय में नहीं रखते थे। वह सब कुछ अपने घर में रखते थे। ये सभी दस्तावेज और फाइलें पूर्वी कोलकाता के बेलेघाटा में संदीप घोष के घर की तलाशी के बाद सीबीआई ने बरामद कीं। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, अधिकारी तब हैरान रह गए जब उन्होंने आरजी कर अस्पताल में संदीप घोष के कार्यालय की तलाशी ली और उन्हें कोई महत्वपूर्ण फाइल और दस्तावेज नहीं मिले। इसलिए बाद में उनके बेलेघाटा स्थित घर की तलाशी ली गई। सीबीआई ने घर की कई अलमारियों और कुछ खास जगहों की तलाशी के बाद कई फाइलें और दस्तावेज बरामद किए। वहां उन पर लगे सभी आरोप स्वीकार कर लिए गए।

आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ अस्पताल में एक के बाद एक शिकायतें दर्ज की गईं। संदीप सभी शिकायती कागजात और संबंधित फाइलें अपने घर की अलमारी में संभालकर रखता था। इसी तरह संदीप कई भ्रष्टाचार जांच रिपोर्टों के मूल दस्तावेज और दस्तावेजों की प्रतियां और फाइलें अपने पास रखता था।

# कौशल नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड कार्यालय का किया लोकार्पण








चमकता राजस्थान

**जयपुर,!(खलील कुरैशी) 9 सितंबर।** कौशल नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सोमवार को जयपुर स्थित आरएसएलडीसी मुख्यालय परिसर में विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड कार्यालय का लोकार्पण किया। राठौड़ ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को सिद्ध करने में कुशल युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है, इसलिए राज्य सरकार प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों और तकनीकी विशेषज्ञों को आधुनिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप कौशल प्रदान करने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के माध्यम से कारीगरों और शिल्पकारों की क्षमता संवर्धन कर उन्हें सशक्त और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड के अधिकारियों से अपेक्षा है कि कौशल विकास के कार्यक्रमों का निरंतर मूल्यांकन कर उसमें सुधार करते रहें, ताकि अन्तरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप वर्क फोर्स तैयार हो। इससे राज्य के औद्योगिक विकास में भी उनकी अहम भूमिका सिद्ध होगी।कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना,कौशल निर्माण, सुदृढ़ विद्युत आपूर्ति से औद्योगिक विकास का सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। इससे युवाओं को न केवल रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं, बल्कि वे स्वयं उद्यमी बन रोजगार प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा राज्य में औद्योगिक क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।कौशल नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री ने इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर सभी से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आ''ान किया। इस अवसर पर विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के आयुक्त हृदेश कुमार शर्मा, विभाग और निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खर्रा ने कहा- सरकार जिसे उचित समझेगी उस पार्षद को मेयर का चार्ज देगी

- मंत्री खर्रा बोले-चालान पेश होते ही मेयर मुनेश को हटा देंगे
- हाईकोर्ट ने दो सप्ताह में चालान पेश करने के लिए कहा





**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर को पद से हटाने की तैयारी की जा रही है। मेयर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के बाद सरकार कभी भी इस पर फैसला कसला ले ले सकती है। चालान पेश होते ही पद से निलंबित कर दिया जाएगा। दरअसल, सोमवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। खर्रा बोले-जैसे ही एसीबी मेयर के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश करेगी, उसके साथ ही मेयर को उनके पद से निलंबित कर दिया जाएगा। मुनेश गुर्जर को उनके पद से हटाने के बाद मौजूदा पार्षदों में से किसी एक को सरकार 60 दिन के लिए अस्थायी तौर पर मेयर का चार्ज सौंप देंगी।

**● हाई कोर्ट ने कहा 2 सप्ताह में चालान पेश करें**

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि जयपुर में दो निगम रहेंगे या एक। इसका फैसला होने में अभी समय हैं। उन्होंने कहा कि अभी दोनों निगम का कार्यकाल शेष है। जब दोनों निगम का कार्यकाल पूरा हो जाएगा, उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। हाई कोर्ट में सरकार की ओर से कहा गया कि हमने मुनेश गुर्जर के खिलाफ 6 सितम्बर को अभियोजन स्वीकृति जारी कर दी हैं। जिसके बाद हाई कोर्ट ने सरकार के जवाब को रिकोर्ड पर लिया

**● सरकार जिसे उचित समझेगी चार्ज देगी**

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मेयर का पद जिस वर्ग के लिए आरक्षित है। उस वर्ग के किसी पार्षद को 60 दिन के लिए कार्यवाहक मेयर बनाया जाएगा। इस पर जब उनसे सवाल किया हेरिटेज में कांग्रेस का बोर्ड है तो क्या कांग्रेस के किसी पार्षद को भी चार्ज दिया जा सकता है इस पर मंत्री ने जवाब दिया सरकार जिसे उचित समझेगी उस पार्षद को मेयर का चार्ज देगी। वहीं 60 दिन बाद में कार्यवाहक सुनवाई दो सप्ताह बाद रखी हैं। याचिकाकर्ता सुधांशु सिंह के अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा है कि एसीबी दो सप्ताह में चालान की कार्रवाई को भी पूरा करें। दरअसल, पिछली सुनवाई मेयर का चार्ज बढ़ाया जाएगा या चुनाव होंगे, इसका फैसला राज्य चुनाव आयोग करेगा। दरअसल, हाईकोर्ट ने मेयर मुनेश के अभियोजन पर 3 सितंबर को डीएलबी से पूछा था कि अभी तक विभाग ने निर्णय क्यों नहीं लिया। निदेशक से 9 सितंबर को हाजिर होकर जवाब मांगा था। इससे एक दिन पहले ही डीएलबी की ओर से मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी कर दी गई।पर कोर्ट ने 10 महीने बाद भी अभियोजन स्वीकृति पर फैसला नहीं लेने डीएलबी डायरेक्टर को पेश होने के लिए कहा था। ऐसे में सरकार ने सुनवाई से पहले अभियोजन स्वीकृति जारी कर दी।

## पटना में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना/एजेंसी।** बिहार में विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार निशाना साध रहा है। इसी बीच, बिहार की राजधानी पटना में सोमवार की सुबह अपराधियों ने चौक थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक भाजपा के नेता भी थे। पुलिस के मुताबिक, घटना पटना सिटी के एक रेस्टोरेंट के पास की है। बताया जाता है कि पटना सिटी निवासी श्याम सुंदर शर्मा उर्फ मुन्ना शर्मा अपने कुछ रिश्तेदारों को ऑटो में बिठाने गए थे। इसी क्रम में बाइक सवार बदमाशों ने उनसे सोने की चेन लूटने की कोशिश की।

जब इसका उसने विरोध किया तो गोली चला दी गई, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बाइक पर बैठकर मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज द्वारा अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। मृतक मुन्ना शर्मा भाजपा पटना सिटी चौक मंडल अध्यक्ष बताए जाते है।

जानकारी के मुताबिक रविवार को उनके घर पर कोई पारिवारिक मांगलिक समारोह था, जिसमे उनके कई रिश्तेदार शामिल होने आए थे। सोमवार को कुछ रिश्तेदारों को वे ऑटो पकड़वाने घर से बाहर निकले थे।

## घर बैठे पैसा कमाने का लालच देकर खुलवाए 400 खाते फ्रीज

**मंडी/एजेंसी।** अगर आप भी घर बैठे पैसा कमाने के लालच में आकर अपना अलग से बैंक अकाउंट खुलवा चुके हैं या फिर खुलवाने जा रहे हैं तो फिर सावधान हो जाईए। वैसे घर बैठे आपको पैसे तो जरूर मिलेंगे लेकिन जल्द ही पुलिस हिसारत में भी जाना पड़ सकता है। घर बैठे पैसा कमाने के लालच में आप जो दूसरा बैंक अकाउंट खुलवा चुके हैं या फिर खुलवाने जा रहे हैं उससे लाखों की ठगी का लेन-देन किया जाता है।

हिमाचल प्रदेश के 400 से ज्यादा लोग इस बहकावे में आकर अपना अलग से अकाउंट खुलवा चुके हैं और उससे सैंकड़ों करोड़ का लेन-देन हो चुका है। अधिकतर खाते ऐसे हैं जिनसे 50 लाख से भी अधिक की भारी-भरकम राशि की ट्रांजेक्शन हुई हैं। इन सभी अकाउंट को देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस ने फ्रीज करवा दिया है। इन सभी अकाउंट की जानकारी हिमाचल प्रदेश साइबर क्राइम पुलिस को आ चुकी है और जिन-जिन राज्यों ने इन अकाउंट को फ्रीज करवाया गया है वहां की पुलिस अब यहां आकर इनकी जांच पड़ताल भी कर रही है। साइबर क्राइम पुलिस मंडी रेंज के एएसपी मनमोहन शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने लोगों से ऑनलाइन फ्रॉड से बचने और इस तरह के बहकावे में न आने की अपील की है। शातिरों द्वारा सोशल मीडिया या वेब मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म पर इस तरह के विज्ञापन चलाए जाते हैं जिसमें घर बैठे पैसा कमाने का प्रलोभन दिया जाता है। लोग जब इन से संपर्क करते हैं तो यह लोगों को कुछ छोटे-मोटे टास्क देते हैं जिससे लोगों को लगता है कि यह तो बहुत ही आसान तरीका है घर बैठे पैसा कमाने का।

## शिक्षा से समाज मजबूत होगा, राष्ट्र को मजबूत करना है : संजय जायसवाल

### बलभद्र पूजा में जुटे हजारो लोग



संवाददाता

**सिवान।** कलवार समाज के कुल देवता भगवान बलभद्र की पूजा आज सिवान के भगवान पैलेस में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं पश्चिमी चंपारण के सांसद डॉ० संजय जयसवाल, बिहार विधान परिषद के सदस्य विनोद कुमार जायसवाल, पूर्व विधायक हेम नारायण शाह सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया ।

इस मौके पर बोलते हुए सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि समाज की तरक्की तभी हो सकती है जब समाज के लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हों। उन्होंने कहा कि सबको एक साथ मिलकर चलना है और देश को मजबूत करना है।

इस मौके पर बोलते हुए बिहार विधान परिषद के सदस्य विनोद कुमार जायसवाल ने कहा कि समाज तभी मजबूत होगा जब आपस में प्रेम और भाईचारा बना रहेगा। पूर्व विधायक हेम नारायण शाह ने समाज से लोगों के बीच आपसी भाईचारा बढ़ाने तथा बच्चे बच्चियों को शिक्षित करने का अनुरोध किया। इस मौके पर बरहज नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, मोहन जी गुप्ता ,रमाशंकर जायसवाल अभय कुमार टुना, पिंकू जायसवाल इं प्रमोद रंजन, राजकिशोर गुप्ता,रमन कुमार, कलवार सेवा समिति के अध्यक्ष रौशन कुमार, राधामोहन प्रसाद, राजू उपाध्यक्ष, सुनील कुमार सचिव, विजय कुमार कोषाध्यक्ष एव कलवार समिति के पदाधिकारी,सदस्य एवं बड़ी संख्या में कलवार समाज के बुद्धिजीवी एवम प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

## कलर कोड व यूनिक कोड को लेकर ऑटो और ई-रिक्शा की हड़ताल

एजेंसी

**पटना।** राजधानी पटना में सोमवार सुबह से लेकर रात के 12 बजे तक ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की हड़ताल है। ऐसे में सोमवार को पटना की सड़कों पर ऑटो और ई-रिक्शा नहीं दिख रही हैं। सुबह 9 बजे सभी ऑटो और ई-रिक्शा चालक पटना जंक्शन के पास टाटा पार्क में इकट्ठा होंगे। पैदल मार्च करते हुए गर्दनीबाग तक जाएंगे और वहां धरना देंगे। ऑटो रिक्शा संघ और ई-रिक्शा ने एक साथ एलान किया है कि आज वे एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। ऑटो एवं ई-रिक्शा को जोन में बांट कर संख्या के हिसाब से कलर कोड एवं यूनिक कोड के माध्यम से परिचालन का फैसला हड़ताल का मुख्य कारण बताया जा रहा है।पटना ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष पप्पू राय और ई-रिक्शा चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु कुमार ने हड़ताल का समर्थन किया है। चालकों ने



बातचीत में बताया कि परमिट रूट के अलावा जब तक गैस या तेल लेने के लिए छूट नहीं मिलेगी, इमरजेंसी में या अपने परिवार के साथ किसी भी रूट में जाने की छूट नहीं मिलेगी, तब तक विरोध जारी रहेगा। उसने बताया कि हड़ताल एक दिन के लिए ही है, लेकिन आगे भी इसका विरोध जारी रहेगा। ऑटो हड़ताल के कारण आज सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हुई है। पटना के शहरी इलाकों में 25 से 30 हजार के करीब ऑटो हैं, जो प्रतिदिन चलते हैं, जबकि ई-रिक्शा करीब 15 हजार के करीब है। सबसे अधिक बेली रोड, दानापुर, फुलवारी शरीफ में ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा का परिचालन होता है।

## राष्ट्रीय कार्यशाला को लेकर जागरूकता रथ रवाना

**भागलपुर।** सामाजिक न्याय एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन पटना के ज्ञान भवन में होगा। यह कार्यशाला 10 सितंबर से लेकर 12 सितंबर तक चलेगा। इस कार्यशाला को लेकर भागलपुर के उप विकास आयुक्त के कार्यालय से सोमवार को जागरूकता रथ को भागलपुर के प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त प्रदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसको लेकर उप विकास आयुक्त प्रदीप सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रीय कार्यशाला पटना के ज्ञान भवन में तीन दिवसीय होगा। इसमें देश भर के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस कार्यशाला में भागलपुर से भी जिला पंचायती राज पदाधिकारी, दो प्रखंड राज्य पदाधिकारी, 10 स्थानीय जनप्रतिनिधि को भेजा जा रहा है।

**फेस्टिवल** सिटी बाजार मेट्रो ने लॉन्च किया फेस्टिव म्यूज़िक वीडियो किफायती फैशन व भरोसे का जश्न

# हमारा विजन हमारे ग्राहकों को असाधारण मूल्य प्रदान करने पर केंद्रित है

संवाददाता

**कोलकाता ।** भारत के चार राज्यों में 40 से ज्यादा स्टोर वाले एक प्रमुख रिटेल ब्रांड सिटी बाजार मेट्रो ने पूजा शॉपिंग सीजन के ठीक समय पर अपना बहुप्रतीक्षित फेस्टिवल म्यूज़िक वीडियो लॉन्च किया है। यह गतिशील और जीवंत वीडियो दिखाता है कि सिटी बाजार मेट्रो में खरीदारी करना न सिर्फ. किफायती है, बल्कि ग्राहकों की त्यौहारी और रोजमर्रा की फैशन जरूरतों के लिए भी एक बेहतरीन समाधान है। शहर के बीचों-बीच आयोजित इस लॉन्च कार्यक्रम में अभिनेता सौरव दास, मॉडल और अभिनेत्री दर्शना बानिक और राष्ट्रीय



पुरस्कार विजेता गायिका इमान चक्रवर्ती सहित कई प्रमुख हस्तियाँ मौजूद थीं। उनकी मौजूदगी ने मंच को जगमगा दिया और आने वाले त्यौहारी मौसम के लिए उत्साह और उत्सुकता पैदा कर दी।

सिटी बाजार मेट्रो के संस्थापक और प्रबंध निदेशक सूर्य प्रकाश बैद ने कहा, जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारा विजन हमारे ग्राहकों को असाधारण मूल्य प्रदान करने पर केंद्रित है। इस त्यौहारी सीजन में, हम एक ऐसा कलेक्शन पेश करने के लिए उत्साहित हैं जो नवीनतम रुझानों के साथ किफायतीपन को जोड़ता है, यह सुनिश्चित करता है कि हर कोई बिना किसी समझौते के स्टाइल में जश्न मना सके।

सिटी बाजार मेट्रो में, हम फैशन को सुलभ बनाने में विश्वास करते हैं, और यह म्यूजिक वीडियो सर्वोत्तम मूल्यों पर गुणवत्ता वाले उत्पादों के माध्यम से हमारे ग्राहकों की शैली को सशक्त बनाने के हमारे जुनून का प्रतिबिंब है।

यह म्यूज़िक वीडियो ब्रांड के मुख्य मूल्यों - किफायतीपन, ग्राहक-केंद्रितता और नवाचार का जश्न मनाता है। एक स्पष्ट संदेश के साथ, सिटी बाजार मेट्रो इस बात पर जोर देता है कि वह उच्च गुणवत्ता वाले फैशन और लाइफस्टाइल उत्पादों की पेशकश करते हुए पैसे के लिए मूल्य प्रदान करने में कैसे विश्वास करता है। वीडियो में पूजा की खरीदारी को मजेदार और बजट के अनुकूल बनाने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता का सार खूबसूरती से दशार्या गया है।म्यूजिक वीडियो में न केवल पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए कलेक्शन की विशाल रेंज को दिखाया गया है, बल्कि यह भी दिखाया गया है कि सिटी बाजार मेट्रो में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है–पारंपरिक साड़ियों से लेकर ट्रेंडी एक्सेसरीज तक। हर अवसर के लिए, खास तौर पर त्योहारों के मौसम के दौरान स्टाइलिश और किफायती विकल्प तैयार करने की ब्रांड की क्षमता इस लॉन्च के मूल में है। अपनी शैली को सशक्त बनाएं मिशन के साथ, सिटी बाजार मेट्रो सभी चैनलों पर असाधारण सेवा, अभिनव खरीदारी समाधान और एक अद्वितीय खरीदारी अनुभव प्रदान करने की दिशा में प्रयासरत है।

## बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व संस्कार दोनों है जरूरी : रत्नेश सादा

एजेंसी

**सहरसा।** शहर के बटराहा मोहल्ले में स्थित कीड जी प्ले ग्रुप स्कूल के द्वारा प्रथम वार्षिकोत्सव प्रेक्षागृह मे मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मद्य एवं उत्पाद निषेध मंत्री रत्नेश सादा, विधान परिषद के सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह, नगर निगम मेयर बैन प्रिया, आशा कुमारी, डॉक्टर गौतम झा, सीताकांत झा, डॉक्टर रमन झा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री सादा ने कहा कि वर्तमान परिवेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कार दोनों ही जरूरी है।विधान परिषद सदस्य डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने कहा शिक्षा के मूल्यों को समझने और उसके उदाहरणों से हमारी पुस्तकें भरी पड़ी है। उद्घाटन भाषण में कीड जी की डायरेक्टर पम्मी कुमारी ने इस स्कूल के बढ़ते कदम के बारे में अभिभावकों और उपस्थित लोगों को कहा कि यहां एक से पांच तक बच्चों की पढ़ाई होगी। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। वहीं राजकीय सम्मान से सम्मानित शिक्षक आनंद झा के संचालन एवं त्रिपुरारी झा के सहयोग से कार्यक्रम भव्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली सहयोगी संस्था ब्रेन गेटवे के बच्चों ने भी शानदार प्रस्तुति दी। सुशीला हार्ट एवं डायबिटीज सेंटर के सहयोगियों ने भी इसमें सराहनीय सहयोग किया। कार्यक्रम में विभिन्न कार्यों के लिए व्यक्ति और संस्था को भी सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जैनिक सिनर ने टेलर फ्रिट्ज को हराकर जीता यूएस ओपन का खिताब



**न्यूयॉर्क ।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर यूएस ओपन पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार रात दो घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को लगातार तीन सेटों में 6-3, 6-4, 7-5 से हराकर यह खिताब जीता। इसी के साथ वह यूएस ओपन जीतने वाले इटली के पहले पुरुष खिलाड़ी बने हैं। वर्ष 2015 में इटली की फ्लाविया पैनेटा ने महिला एकल का खिताब जीता था। सिनर के कारियर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। उन्होंने इस वर्ष की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया ओपन भी जीता था। जीत के बाद सिनर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा शुक्रिया न्यूयॉर्क, दो सप्ताह के शानदार प्रदर्शन के बाद यहां अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम जीतना विशेष रहा।

### बारिश की वजह से टीम का बाहर होना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण: ऋषभ पंत



**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में टीम की कड़ी मेहनत और उनके अनुशासन की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने एक बयान में कहा साउथ दिल्ली सुपरस्टारज के खिलाफ दूसरा सेमीफाइनल बारिश के कारण भले ही रद्द हो गया हो, लेकिन निराश होने जरूरत नहीं है, कुछ चीजें हमारे हाथ में नहीं होती और इस बार भी कुछ ऐसा ही है। हालांकि पुरानी दिल्ली 6 ने जिस तरह से यहां तक सफर का तय किया है, वह निश्चित तौर पर बधाई के पात्र हैं। दिलीप ट्रॉफी के चलते ऋषभ टूनार्मेंट में भले ही ना खेल रहे हों, लेकिन पुरानी दिल्ली 6 की हर छोटी बड़ी चीजों पर उनकी निगाह लगातार बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मैने देखा कि यहां तक पहुंचने के लिए लड़कों ने कितनी कड़ी मेहनत की है, मैं उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प की सराहना करता हूं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बारिश ने हमारे अभियान पर रोक लगा दी, लेकिन वो कहते हैं ना अगर कुछ जाता है तो कुछ आता है। इसी तरह हमने भी इस सीजन में कुछ खास बनाया है और मुझे विश्वास है कि हम अगले साल खिताब के लक्ष्य के साथ और मजबूत वापसी करेंगे।" वहीं प्रैक्टिस से लेकर ग्राउंड तक में हर छोटी से छोटी बारीकियों को समझाने वाले इशांत भी इस तरह से टीम के बाहर हो जाने से काफी निराश हैं।

### जिम एफ्रो टी10 सीजन 2 : प्लेयर ड्राफ्ट में सबसे चर्चित नामों में शामिल रहे सिकंदर रजा

**हरारे।** क्रिकेट का सबसे मनोरंजक प्रारूप हरारे में कमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है, और उससे पहले, छह फ्रेंचाइजियों ने प्लेयर ड्राफ्ट में जिम एफ्रो टी10 के सीजन 2 के लिए बहुत मजबूत लेकिन संतुलित स्क्वॉड चुने हैं। जिम एफ्रो टी10 का दूसरा सीजन 21 सितंबर को शुरू होने वाला है और 29 सितंबर को हरारे में ग्रैंड फिनाले के साथ समाप्त होगा। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए इंतजार कर रहे बड़े नामों में डेविड वार्नर, सिकंदर रजा, कॉलिन मुनरो, डेविड मालन, कार्लोस ब्रैथवेट और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। बहरहाल, स्पॉटलाइट जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों पर भी होगी, जिन्होंने हाल के महीनों में शानदार क्रिकेट खेला है। ज़िम एफ्रो टी10 के प्लेयर ड्राफ्ट के लिए 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें खिलाड़ियों के ड्राफ्टिंग के कुल 12 राउंड थे। उस दिन, छह फ्रैंचाइजियों में से 64 खिलाड़ियों को ड्राफ्ट किया गया था।

# अफगानिस्तान के खिलाफ लुंगी एनगिडी की द. अफ्रीकी टीम में वापसी



**जोहानसबर्ग। एजेंसी**

जेसन स्मिथ, नकाबा पीटर और एमडिले सिमलेन को संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए पहली बार दक्षिण अफ्रीका की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका को 18 सितंबर से शारजाह मे अफगानिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलने हैं। इसके बाद 27 सितंबर से अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। लेगस्पिनर पीटर और ऑलराउंडर जेसन ने इस साल की शुरूआत में क्रमशः मई और अगस्त 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना टी20ई डेब्यू किया था। पीटर ने दो मैच खेले हैं और तीन विकेट लिए हैं, जबकि जेसन ने केवल एक मैच खेला है और छह रन बनाए हैं। हालाँकि, सिमेलेन के लिए यह अंतरराष्ट्रीय टीम में उनका पहला कॉल-अप है। 21 वर्षीय ऑलराउंडर की पहचान एक उच्च क्षमता वाली प्रतिभा के रूप में की गई है और वह अगस्त में हाल ही में संपन्न जिम्बाब्वे के दक्षिण अफ्रीका इमर्जिंग टूर का हिस्सा थे। उन्होंने एक दिवसीय श्रृंखला में श्रीलंका ए के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ए का भी प्रतिनिधित्व किया था। इस बीच, तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी दाहिनी पिंडली में लगी चोट से उबर गए हैं और उन्हें तीनों टीमों में शामिल किया गया है। वह अगस्त में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में शामिल नहीं हुए थे।

मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि इन दौरों से युवा और सीमांत दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों से कुछ अनुभव प्राप्त करने की अनुमति

**अफगानिस्तान के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका वनडे टीम :** टेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, नकाबा पीटर, एंडिले सिमलेन, जेसन स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन और लिजाद विलियम्स।

**आयरलैंड के खिलाफ द. अफ्रीका वनडे टीम:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, ब्योर्न फोर्टुइन, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, नकाबा पीटर, रयान रिकेल्टन, जेसन स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन और लिजाद विलियम्स

**आयरलैंड के खिलाफ द. अफ्रीका टी20 टीम :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रूगर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिल सिमलेन, जेसन स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाद विलियम्स।

## म्यंगकन क्रिश्चियन हायर सेकेंडरी स्कूल 63वें सुब्रतो कप के फाइनल में



**नई दिल्ली। एजेंसी**

बंगनसन ने एक और शानदार हैट्रिक लगाई जिससे म्यंगकन क्रिश्चियन हायर सेकेंडरी स्कूल, मेघालय ने गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल, याजाली, अरुणाचल प्रदेश को सोमवार को 7-0 से हराकर 63वें सुब्रतो कप जूनियर ब्वॉयज इंटरनेशनल फुटबॉल टूनामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। यह मैच यहां तेजस फुटबॉल ग्राउंड में खेला गया। म्यंगकन की टीम अब बुधवार (11 सितंबर) को अंबेडकर स्टेडियम में फाइनल में टी.जी इंग्लिश स्कूल, बिष्णुपुर, मणिपुर से भिड़ेगी, जिसने श्रीलंका स्कूल्स फुटबॉल एसोसिएशन को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। म्यंगकन क्रिश्चियन हायर सेकेंडरी स्कूल ने मैच की शुरूआत से ही पूरे मैदान पर अपना दबदबा बनाए रखा। मैच के 21वें मिनट में बंगनसन ने एक शानदार एकल प्रयास से पहला गोल किया, जिससे टीम ने 1-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद गोलों की झड़ी लग गई, जब बंगनसन ने 36वें मिनट में दूसरा गोल किया। तीन मिनट बाद, मेबनलमियनित ने एक बेहतरीन काउंटर अटैक से तीसरा गोल किया। एलिसस्टार ने 44वें मिनट में चौथा गोल तब किया जब उन्होंने गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को खाली पोस्ट में डाल दिया। बंगनसन ने 46वें मिनट में डिफेंडर से गेंद छीनकर अपना हैट्रिक पूरा किया।

### अफगानिस्तान - न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में उभरा मीडिया एक्रीडेशन विवाद

**ग्रेटर नोएडा।** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले एक मात्र टेस्ट मैच को लेकर एक विवाद सामने आ रहा है। दरअसल ये मसला अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से मीडिया पर्सन्स के लिए कोई व्यवस्था नहीं किए जाने से जुड़ा है। वैसे तो ये टेस्ट मैच आज सोमवार को सुबह 10 बजे से ग्रेटर नोएडा के ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड (शहीद विजय सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में शुरू होना है लेकिन इसके बावजूद इसे कवर करने को लेकर पत्रकारों को स्पष्ट सूचना नहीं है। इतना ही नहीं मीडिया एक्रीडेशन/रजिस्ट्रेशन कराने के बाद भी पत्रकारों को कार्ड देने के लिए मैच के दिन सुबह बुलाया गया।

## कैप्टन मोहन बिश्नोई की स्मास मास्टर टीम ने जीती राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग



**मुरादाबाद। एजेंसी**

कृष्णावती बैडमिंटन क्लब कांठ मुरादाबाद के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग में कैप्टन मोहन बिश्नोई की टीम स्मास मास्टर कांठ बैडमिंटन प्रीमियर लीग की विजेता बनी। बैडमिंटन प्रशिक्षक कोच आसिफ सिद्दीकी ने बताया कि स्मास मास्टर टीम ने कैप्टन खुर्शीद की फीदर फोर्स टीम को 3-2 से शिकस्त दी।

भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कैप्टन मोहन बिश्नोई की टीम स्मास मास्टर को ट्राफी प्रदान की। नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्टेडियम रामगंगा विहार में देर रात्रि जीती राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग सम्पन्न हुआ। कृष्णावती बैडमिंटन क्लब कांठ के प्रबंधक अचल विश्नोई ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग में मुरादाबाद के अलावा बरेली, आगरा, बिजनौर, बदायूं, अमरोहा, संभल आदि जनपदों के खिलाड़ी प्रतिभा किया। प्रीमियर लीग में 4 टीमों में 72 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक टीम में 18-18 खिलाड़ी शामिल रहे। लीग मैच के बाद सेमीफाइनल और अंत में फाइनल मुकाबला हुआ।

# भारतीय हॉकी टीम ने जापान को 5-1 से हराया

- दूसरे मिनट में ही सुखजीत सिंह के शानदार गोल से भारत ने बढ़त हासिल कर ली



- भारतीय टीम ने पहले मैच में चीन को 3-0 से हराया था

**हुलुनबुइर (चीन)। एजेंसी**

मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में अपने दूसरे लीग मैच में सोमवार को जापान को 5-1 से हरा दिया। मैच में भारत के लिए सुखजीत सिंह (2 मिनट, 60 मिनट) ने दो गोल किया, जबकि अभिषेक (3 मिनट), संजय (17 मिनट) और उत्तम सिंह (54 मिनट) ने एक-एक गोल किया। जापान की ओर से एकमात्र गोल काजुमासा मात्सुमोतो (41 मिनट) ने किया। इससे पहले रविवार को अपने अभियान की शुरूआत करते हुए भारतीय टीम ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया था। अब भारत का अगला मुकाबला बुधवार को मलेशिया से होगा। सोमवार को खेले गए दूसरे मैच में भारतीय टीम ने शानदार शुरूआत की। दूसरे मिनट में ही सुखजीत सिंह के शानदार गोल से भारत ने बढ़त हासिल कर ली। इसके अगले मिनट में अभिषेक ने जापानी खिलाड़ियों को चकमा देते हुए गोल कर भारतीय टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। भारत का दूसरे क्वार्टर में भी आक्रमण जारी रहा। संजय ने 17वें मिनट में एक शानदार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। 3-0 की बढ़त के साथ भारत अच्छी स्थिति में आ गया। इस दौरान जापानी खिलाड़ी खेल में वापसी करने की कोशिश करते रहे लेकिन गोल नहीं कर पाए। हॉफ टाइम तक भारतीय टीम 3-0 से आगे रही।

तीसरे क्वार्टर में जापान के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप 41वें मिनट में काजुमासा मात्सुमोतो ने एक गोल किया। इससे कुछ मिनट पहले ही भारत के लिए एक शानदार मौका आया था लेकिन विवेक सागर चौथा गोल करने से चूक गए। हालांकि चौथे क्वार्टर में भारत के लिए चौथा गोल भी आ गया। उत्तम सिंह ने 54वें मिनट में एक बेहतरीन गोल किया। इससे भारत 4-1 से आगे हो गया।

## कुंवर ग्लोबल स्कूल ओवरआल चैंपियन अकादमी श्रेणी में लखनऊ ताइक्वांडो अव्वल

**लखनऊ। एजेंसी**

कुंवर ग्लोबल स्कूल ने लखनऊ ओपन इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 108 अंक के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। दूसरी ओर क्लब और अकादमी श्रेणी में लखनऊ ताइक्वांडो अकादमी 182 अंक के साथ ओवरऑल विजेता बनी।लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में सनराइज ताइक्वांडो अकादमी द्वारा राजाजीपुरम मिनी




स्टेडियम में रविवार को आयोजित चैंपियनशिप में कुंवर ग्लोबल स्कूल की टीम 108 अंक के साथ पहले स्थान पर रही। इस श्रेणी में सेंट एंजनीज स्कूल 72 अंक के साथ दूसरे व सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल 69 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। क्लब व अकादमी श्रेणी में लखनऊ ताइक्वांडो अकादमी 182 अंक के साथ पहले स्थान पर रही। सनराइज ताइक्वांडो अकादमी 159 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि लखनऊ ताइक्वांडो क्लब को 123 अंक के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। विशेष पुरस्कारों में एक्टिव पार्टिसिपेशन अवार्ड सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल व बेस्ट डिस्पिलिन्ड टीम अवार्ड उत्कर्ष श्रीवास्तव पब्लिक स्कूल को मिला। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी एवं अति विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार शैलू ने पदक विजेताओं को सम्मानित किया।

# वाणिज्य

## गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश लगातार चौथे महीने इजाफा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

अगस्त के महीने में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में एक बार फिर तेजी दर्ज की गई है। इस दौरान गोल्ड ईटीएफ में 29 टन का अतिरिक्त निवेश हुआ है। इस अतिरिक्त निवेश की वजह से अगस्त के महीने में गोल्ड ईटीएफ की होल्डिंग बढ़ कर 3,182 टन हो गई है। ये लगातार चौथा महीना है, जब निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ में अपना निवेश बढ़ाया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार नॉर्थ अमेरिका और यूरोप में गोल्ड ईटीएफ में निवेश सबसे अधिक बढ़ा है। इसमें निवेश बढ़ने की वजह से इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट में भी सोने की कीमत में तेजी आई है। सोना लगातार तीसरे हफ्ते 2,500 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है।



इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट में सोने के भाव में तेजी आने की वजह से देश के सरार्फा बाजारों में भी सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है। सोने की तरह ही चांदी में भी लगातार तेजी बनी हुई है। पिछले सप्ताह चांदी 29 डॉलर के स्तर को पार कर गया। चांदी के भाव में आई तेजी के कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी सोने के भाव में तेजी बनी हुई है।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार कमजोरी बनी रही। एशियाई बाजार में भी आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ है। रोजगार के कमजोर आंकड़ों की वजह से अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान निराशा का माहौल बना रहा। इंट्रा-डे में वॉल स्ट्रीट के सूचकांक 2.75 प्रतिशत तक टूट गए। एसएंडपी 500 इंडेक्स पिछले सत्र के दौरान 94.99 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,408.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 436.83 अंक यानी 2.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,690.83 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में बढ़ा दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों में और अधिक गिरावट आ गई। हालांकि पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से ये दोनों सूचकांक रिकवरी करके हरे निशान में पहुंच गए, लेकिन कुछ ही देर में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इन दोनों सूचकांकों ने वापस लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत और निफ्टी 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, ब्रिटानिया, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 1.08 प्रतिशत से लेकर 0.81 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर ओएनजीसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, अडाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स के शेयर 3.05 प्रतिशत से लेकर 1.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,366 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 724 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,642 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे।

## पीएफसी, कॉनकॉर और राइट्स ने लाभांश किश्त के 712 करोड़ रुपये सरकार को दिए

**नई दिल्ली। एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) और राइट्स लिमिटेड ने लाभांश किश?त के रूप में करीब 172 करोड़ रुपये दिए हैं। इन कंपनियों में पीएफसी ने करीब 601 करोड़ रुपये, कॉनकॉर ने 68 करोड़ रुपये और राइट्स लिमिटेड ने 43 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोकसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) तथा राइट्स लिमिटेड से लाभांश किश्त के रूप में क्रमशः लगभग 601 करोड़ रुपये, 68 करोड़ रुपये और 43 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस तरह कुल मिलाकर सरकार को लाभांश किश्तों के रूप में करीब 172 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** देश में भी पेट्रोल और डीजल की कीमत पूर्ववत है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में जरूर उतार-चढ़ाव जारी है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.86 रुपये और डीजल 92.44 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.88 डॉलर यानी 1.24 फीसदी की उछाल के साथ 71.94 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.86 डॉलर यानी 1.27 फीसदी की बढ़त के साथ 68.53 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिल्ली दौरे के दौरान किया निर्माणाधीन राजस्थान हाउस का निरीक्षण

## 'वोकल फ़ोर लोकल' की थीम पर तैयार हो राजस्थान हाउस : दिया कुमारी'

चमकता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और सार्वजनिक निर्माण विभाग और पर्यटन मंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने सोमवार को नई दिल्ली में निर्माणाधीन राजस्थान हाउस का निरीक्षण करके हाउस के निर्माण की कार्य प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की जिसमें इंजीनियरों ने राजस्थान हाउस को लेकर प्रेजेंटेशन दिया कि कहां तक कार्य हो चुका है और आगे क्या कुछ करना है। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से चर्चा के दौरान निर्माणाधीन हाउस के पूरे ब्लूप्रिंट को समझते हुए उन्होंने अधिकारियों से साफ तौर पर कहा कि इस निर्माणाधीन भवन के तैयार होने के बाद जब यहां पर लोग आए, इसके अंदर जब लोग पहुंचे तो आगंतुको को लगे कि हम राजस्थान आ गए हैं। यहां की सारी व्यवस्थाएं राजस्थानी कल्चर से मेल खाते हुए डेवलप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप लोग एक रिव्यू मीटिंग भी बुलाए और रिव्यू मीटिंग करके हमें जरूरत पड़ेगी तो इसमें जरूरी बदलाव भी किए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में बनकर तैयार होने वाला यह भवन सिर्फ एक बिल्डिग मात्रा नहीं बल्कि राजस्थान का दर्पण होना चाहिए।





### हाउस में सूचना केंद्र बनाने के दिए निर्देश

उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने राजस्थान हाउस के निर्माण के दौरान उसमें एक सूचना केंद्र और आगंतुकों और व्यवसायियों को राजस्थान से संबंधित संपूर्ण जानकारी देने के लिए एक बिजनेस सेंटर बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों और पर्यटकों के लिए राजस्थान सबसे पसंदीदा जगहों में से एक मानी जाती है साथ ही राजस्थान में दुनिया भर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है और हमारी सरकार व्यवसायियों को व्यापारिक सुविधाओं से भरपूर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ऐसे में दिल्ली में बनने वाले इस राजस्थान हाउस में आगंतुकों को सभी सूचनाएं एक जगह से प्रदान करने और उन्हें राजस्थान की तरफ आकर्षित करने के लिए सूचना केंद्र कम बिजनेस सेंटर बनाया जाना अति आवश्यक है।

### निर्माण कार्य में राजस्थानी आर्टिजंस के हुनर और राजस्थानी निर्माण सामग्री का किया जाए उपयोग।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती दिया कुमारी ने अधिकारियों और इंजीनियरों को स्पष्ट निर्देश दिए की इस भवन के निर्माण कार्य में लगने वाली हर एक सामग्री में राजस्थानी निर्माण सामग्री को प्राथमिकता दी जाए, चाहे वह राजस्थानी पत्थर हो चाहे वह राजस्थानी पेंटिंग्स के साथ-साथ राजस्थान के हुनरबंद कारीगरों को भी इसके निर्माण कार्य में प्राथमिकता के साथ स्थान दिया जाना चाहिए ताकि हमारे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सके और इस भवन के निर्माण में राजस्थानी कला और संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में बनने वाले विश्व स्तरीय भवनों में जब राजस्थानी पत्थर का उपयोग हो सकता है तो राजस्थान हाउस के निर्माण में भी राजस्थानी पत्थर का भरपूर उपयोग किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बसेड़ी शहर में बिना बस स्टैंड के सडक पर खड़ी होकर सवारी बैठती है रोडवेज की बसे




**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण )।** जिला धौलपुर के बसेड़ी शहर में बिना बस स्टैंड सड़क पर खड़ी होकर सवारी बैठाती है रोडवेज की बसे कहने को तो बसेड़ी उपखण्ड मुख्यालय है! तथा नगरपालिका बने भी लगभग पांच वर्ष हो गये है! लेकिन रोडवेज बसों के खड़े होने को कोई भी स्थायी जगह आज तक उपलवध नही हो पायी है! वर्तमान में बसेड़ी - जगनेर वाईपास मार्ग पर सडक पर खड़ी होकर सवारी बैठा रही रोडवेज!रोडवेज स्टाफ को आ रही है! काफी परेशानी। इस मार्ग पर दिनभर छोटे /बड़े भाई /बाहनों का निरंतर आवागमन होता है! जिससे लोगो में हमेशा दुर्घस्टना की आशंका बनी रहती है । पिछले लगभग 15 वर्षों से बसेड़ी के नागरिकों द्वारा लिखित तथा मौखिक रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधियों ,स्थानीय अधिकारियों तथा रोडवेज प्रशासन से बसेड़ी में रोडवेज स्टैंड बनाये जाने की निरंतर मांग की जा रही है।

### डेढ़ लाख की नगदी सहित लाखों रुपए के आभूषण चोरी, मामला दर्ज

- पीडित की सूचना पर पुलिस ने की मौके पर जांच, अज्ञात चोरों का नही लगा सुराग



**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** नदबई क्षेत्र के गांव बहरामदा में अज्ञात चोर एक मकान से करीब एक लाख पचपन हजार की नगदी सहित लाखों रुपए के आभूषण लेकर फरार हो गए। पीडित की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल की। लेकिन अज्ञात चोरों का सुराग नही लग सका। बाद में पीडित नारायण सिंह पुत्र फूलसिंह जाट ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।
पुलिस के अनुसार पीडित अपने परिजनों के साथ कमरे में सो रहा। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोर दूसरे कमरे में घुस गए। बाद में अलमारी में रखे करीब एक लाख पचपन हजार रुपए नगदी सहित सात तौला सोने व आधा किलो चांदी के आभूषण सहित अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। सुबह करीब पांच बजे जागने पर कमरे का सामान अस्त-व्यस्त होने व नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण गायब देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर अज्ञात चोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नही मिल सकी। गौरतलब है कि, अज्ञात बदमाश आए दिन चोरी व लूट की वारदात को अंजाम दे रहे। लेकिन, पुलिस प्रशासन ने चुप्पी साध रखी।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार का एक सितंबर से अनिश्चित कालीन असहयोग आंदोलन नोवे दिन भी जारी रहा

चमकता राजस्थान

**अलवर।** सभी पीड़ित जमा करता परिवार का 1 सितंबर से अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन 9 वें दिन भी जारी रहा! जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सेन ने बताया कि जिले में पीएसीएल, पर्ल्स, सहारा इंडिया, मनवांचल ग्रुप, आदर्श क्रेडिट सोसाइटी, संजीवनी, विश्वामित्र, केबीसीएल इंडिया लिमिटेड, साई प्रकाश, साई प्रसाद, परिवार डेयरी, मदर डेयरी, हेलो टैक्सी, बाइक बोट, पिनकॉन, समृद्ध जीवन साइंस, सिटी राघव माधव के साथ ही जी लाइफ इंडिया, आदर्श, संजीवनी कोपारेटी सोसायटी, लोकहित भारतीय सोसाइटी, के एम जे इंडिया, सनसाइन एग्रो, सांई प्रसाद, जी एन डेयरी, एच बी एन, लोटस सोसायटी, पी जी एफ, फ्यूचर मेकर, डी एस जी एम,बाइक बोट, कल्पतरु आदि अनेक संस्थाओं ने लगभग पांच लाख व्यक्तियों से करोड़ों रुपयों की ठगी की गई है! इन संस्थाओं को सरकार द्वारा लाइसेंस दिया गया! साथ ही कई जनप्रतिनिधियों तथा सेलिब्रिटीज ने प्रमोट किया गया। इसी विश्वास पर लोगों ने अपनी पसीने की कमाई को इन संस्थाओं में जमाकर भविष्य के सपने संजोए!लाइसेंस देने वाली सरकार ने ही इन्हें अचानक बंद करवाकर जनता की गाड़ी कमाई की रकम से खरीदी गई चल अचल संपतियों को जप्त कर लिया गया । गत आठ दस वर्षो से निवेशकों को जप्त संपतियों के निष्पादन उपरान्त अपना धन पाने की दरकरार है! राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन गत दो वर्षों से इन बंद संस्थाओं में जमा की गई जनता की रकम को दिलवाने हेतु संघर्षरत है। संघर्ष की कड़ी में एक सितंबर से धरना जारी रखते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून 2019 के तहत भुगतान किया जाकर राजस्थान के सभी जिलों के ठगी पीड़ितो को राहत पहुंचाई जावे।




## समाज सेवी राजन सरदार को किया सम्मानित

चमकता राजस्थान

नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा दी इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ कृष्णन मेनन भवन में वैश्विक समरसता का भव्य आयोजन किया गया जिसमें समाज सेवी राजन सरदार को अवॉर्ड व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया !कार्यक्रम में न्यायमूर्ति परमानंद झा प्रथम उपराष्ट्रपति (नेपाल सरकार) उपेंद्र यादव पूर्व उप-प्रधानमंत्री नेपाल सरकार,महावीर प्रसाद टोरडी अंतर्राष्ट्रीय संयोजक अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच,रवि करण साहू कैबिनेट मंत्री अध्यक्ष तेलगानी बोर्ड (मध्य प्रदेश सरकार),महामंडलेश्वर विश्वनाथ महाराज (वृंदावन),डॉ ए पी सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली(सुप्रिम कोर्ट),भागीरथ चौधरी केन्द्रीय राज्य मंत्री(भारत सरकार) राजस्थान विधानसभा सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा व मंत्रीगण मौजूद रहे !



## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में आरआईसी में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 सम्मेलन का होगा आयोजन

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में राज्य में चल रहें राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अंतर्गत मंगलवार 10 सितम्बर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में दोपहर 1.30 बजे भव्य सामुदायिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजु बाघमार की उपस्थिति में तथा चिल्ड्रन्स इन्वेस्टमेंट फण्ड फाउंडेशन (सीआईएफएफ) के प्रमुख सर क्रिस होन विशेष आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा।



निदेशक आईसीडीएस ओपी बुनकर ने मंगलवार को आरआईसी में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 'सुपोषित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में पोषण माह का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है।
बुनकर ने बताया कि 10 सितंबर, 2024 के प्रस्तावित कार्यक्रम का मूल उद्देश्य महिला एवं बाल विकास की उपलब्धियों को साझा करना और 'फील्ड के चॅम्पियन्स' (चयनित सफल/सक्षम महिलाओं और युवतियों ) को जिन्होनें इन उपलब्धियों को मूर्त रूप दिया है उनको सम्मानित किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से करीब 600 लोग शामिल होंगे जिसमें महिलाएं, किशोरियों, उनके परिवार के सदस्य, विभाग के सदस्य और मीडिया के लोग होंगे। पोषण और स्वास्थ्य संबंधित जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा गौर ने दिया "चलो चले ओबीसी के साथ, ओबीसी चले भाजपा के साथ" का नारा

### भाजपा के महापर्व सदस्यता अभियान में ओबीसी मोर्चा भी लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में बढ़चढ़ कर करेगा योगदानः कृष्णा गौर

चमकता राजस्थान

जयपुर, 09 सितंबर 2024। भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और मध्य प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने भाजपा के संगठन पर्व सदस्यता अभियान में मोर्चे के योगदान को लेकर प्रेसवार्ता की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि भाजपा का ओबीसी मोर्चा सदस्यता अभियान में प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़चढ़ कर योगदान देगा। ओबीसी मोर्चा प्रदेशभर में घर-घर जाकर भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ भाजपा की रीति और नीति से अवगत कराते हुए लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाएंगा।
भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा गौर ने "चलो चले ओबीसी के साथ, ओबीसी चले भाजपा के साथ" का नारा देते हुए कहा कि ओबीसी समाज भाजपा के साथ और भाजपा ओबीसी समाज के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने ओबीसी समाज के साथ छलावा किया और आजादी के बाद से दशकों तक षडयंत्रपूर्वक ओबीसी समाज को मुख्यधारा से अलग करने का कार्य किया। काका कालेकर की रिपोर्ट या मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबाने का मामला हो या फिर आयोग को संवैधानिक मान्यता देने का मामला, कांग्रेस पार्टी ने सदैव ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय किया। कांग्रेस की नीतियों के चलते ओबीसी समाज की स्थिति दयनीय हुई, लेकिन आज देश में ओबीसी समाज भाजपा की विचारधारा के साथ जुड़ रहा है। भाजपा बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान में निष्ठा रखती है और संविधान के अनुसार कार्य कर रही है।
भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा गौर ने कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कार्य करती है। जबकि अन्य पार्टियां या तो परिवारवादी, या जातिवादी पार्टियां या फिर व्यक्ति विशेष आधारित पार्टी है जबकि भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है। भाजपा में हर वर्ग के साथ हर समाज का समावेश मिलेगा। विचारधारा आधारित पार्टी भाजपा में सर्व व्यापी, सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी नीति पर कार्य किया जा रहा है। भाजपा का सदस्यता अभियान भी इसी नीति पर चलाया जा रहा है। जहां समाज के सभी वर्गों से संपर्क किया जा रहा है और सभी समाजों के लोगों को भाजपा परिवार में शामिल किया जा रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के सह संयोजक मोतीलाल मीणा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर, मोर्चा में प्रदेश सह प्रभारी संजीव सोनी, मोर्चा के महामंत्री महेंद्र सिंह पंवार और भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मंच पर उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता से पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यालय में ओबीसी मोर्चा की जयपुर संभाग कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत, अभियान के जयपुर संभाग प्रभारी सुनील गहलोत, मोर्चा प्रदेश कार्यालय प्रभारी रामेश्वर गुर्जर, जयपुर प्रभारी सरोज प्रजापत, मीडिया प्रभारी अंजू सैनी सहित मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929